इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## पुरी रथयात्रा में भगदड़ : 3 श्रद्धालुओं की मौत, सीएम ने मांगी माफी



पुरी। जहां भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान भगदड़ की खबर है, जिसकी चपेट में आने से 3 श्रद्धालुओं की दुखद मृत्यु हो गई। इसके अलावा 50 से भी अधिक लोगों के घायल होने की खबर है।

### क्या है पूरा मामला

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मामला कुछ यूं है कि रविवार की सुबह करीब 4 से 4.20 बजे के दरमियान जब हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों के दर्शन के लिए एकत्रित थे। उसी दौरान कहा जा रहा है कि मंदिर के ही रीतियों के लिए सामान लेकर जा रही एक गाड़ी भीड़ में घुस गई। इससे लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों की घबराहट के चलते वहां भगदड़ मच गई।

इसी भगदड़ की चपेट में आने से अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है। इसके अलावा 50 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। ये हादसा पुरी के गुंडिचा मंदिर के पास सराधाबली क्षेत्र में हुआ है। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं, हालांकि उनकी पहचान नहीं हो सकी है।

### मृतकों के परिजनों को मिलेगा 25-25 लाख मुआवजा

सरकार ने घोषणा की है कि भगदड़ में जान गंवाने वाले तीनों श्रद्धालुओं के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही घायलों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

### सीएम मांझी बोले-अक्षम्य लापरवाही

इस घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने दुख जताते हुए इसे ÷अक्षम्य लापरवाही÷ कहा है। उन्होंने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य सरकार की भीड़ प्रबंधन में विफलता पर सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह भगदड़, रथ यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन की घोर असफलता को दर्शाती है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कलेक्टर-एसपी को हटाया, 2 अधिकारी निलंबित

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना को गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए पुरी के जिला कलेक्टर और एसपी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। साथ ही 2 अफसरों के निलंबित के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजनों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी चंचल राणा को पुरी का नया कलेक्टर बनाया है। जबकि, पिनाक मिश्रा को नया एसपी नियुक्त किए गए हैं। दोनों अधिकारियों ने रविवार देर शाम पदभार संभाल लिया। साथ ही डीसीपी विष्णुपति और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित कर दिया है।

## ठाकरे भाईयों के हिंदी विरोध से बैकफुट पर आई फडणवीस सरकार, त्रिभाषा फॉर्मूले के दोनों जीआर रद्द



**हिंदी विवाद पर फडणवीस सरकार का यू-टर्न; त्रिभाषा नीति के दो आदेश रद्द, नई समिति का गठन**

मुंबई। महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को स्कूलों में लागू करने को लेकर शुरू हुए विवाद के बीच राज्य सरकार ने बड़ा यू-टर्न लेते हुए त्रिभाषा नीति से जुड़े दो सरकारी आदेश को रद्द कर दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस फैसले की जानकारी दी और बताया कि नई भाषा समिति का गठन किया जाएगा, जो आगे की रणनीति पर सुझाव देगी।

फडणवीस ने कहा कि सरकार ने अप्रैल और जून में जो दो त्क्र जारी किए थे, उनमें कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने की बात थी। लेकिन इस पर विरोध शुरू होने के बाद अब इन दोनों आदेशों को वापस ले लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि नई समिति का नेतृत्व शिक्षाविद् डॉ. नरेंद्र जाधव करेंगे और यह समिति भाषा नीति के कार्यान्वयन को लेकर अपनी सिफारिशें देगी।

फडणवीस ने इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ठाकरे सरकार ने ही पहले डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को मानकर कक्षा 1 से 12 तक त्रिभाषा नीति लागू करने का फैसला लिया था।

### हिंदी को लेकर बढ़ा विरोध

गौरतलब है कि 16 अप्रैल को राज्य सरकार ने त्क्र जारी कर हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा घोषित किया था, जो मराठी और अंग्रेज़ी के साथ पढ़ाई जानी थी। लेकिन विरोध बढ़ने पर 17 जून को संशोधित त्क्रलाया गया, जिसमें हिंदी को वैकल्पिक भाषा बनाया गया।

फिर भी राज्य में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने इस फैसले का जोरदार विरोध किया है और 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त मार्च निकालने का ऐलान किया है।

## भारी बारिश और भूस्खलन के खतरे के बीच चारधाम यात्रा एक दिन के लिए स्थगित



उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए चारधाम यात्रा को एक दिन के लिए रोक दिया गया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने मीडिया को बताया कि खराब मौसम के कारण यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

### प्रशासन ने राहत दल किए तैनात

भारी बारिश से सड़कों पर भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है, जिसके चलते यात्रा को जारी रखना खतरनाक हो सकता है। प्रशासन ने सभी संबंधित जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है और राहत व बचाव दलों को सक्रिय कर दिया गया है। ये दल किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। यात्रियों से अपील की गई है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और मौसम ठीक होने तक यात्रा न शुरू करें। आयुक्त ने कहा कि मौसम और सड़कों की स्थिति की समीक्षा के बाद सोमवार को यात्रा दोबारा शुरू करने का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से धैर्य रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### बादल फटने से मची तबाही, रेड अलर्ट जारी

रविवार सुबह उत्तरकाशी के बड़कोट तहसील में बादल फटने की घटना में कई श्रमिक लापता हो गए। यमुनोत्री हाईवे पर सिलाई बैंड में भारी बारिश से लेबर कैंप में भूस्खलन हुआ। स्ष्ठक्रस्न, हृष्ठक्रस्न और पुलिस बचाव कार्य में जुटी है। ष्टरूपुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख जताया और सभी के सुरक्षित होने की कामना की। भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने रविवार और सोमवार के लिए उत्तराखंड में भारी से अति भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी के साथ रेड अलर्ट जारी किया है। यात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है।

## डीके शिवकुमार बनेंगे सीएम, विधायक के दावे ने बढ़ाई सिद्दरमैया की परेशानी; आज कर्नाटक जाएंगे सुरजेवाला



बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस के विधायक एच ए इकबाल हुसैन ने दावा किया है कि डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को अगले कुछ महीनों में मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा। इकबाल हुसैन को शिवकुमार का बेहद करीबी माना जाता है। उनके बयान के बाद से राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई हैं।

हुसैन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हर कोई जानता है कि राज्य में जीत हासिल करने में किसने संघर्ष किया, पसीना बहाया और कोशिश की। शिवकुमार की रणनीति और कार्यक्रम इतिहास में दर्ज हो चुके हैं। सभी को पता है कि सत्ता में आने से पहले राज्य में हमारी क्या स्थिति थी।

### दो महीने में बदलाव का दावा

शिवकुमार के हाथ में कमान देने की अटकलों पर उन्होंने कहा कि मैं अटकलों पर भरोसा नहीं करता। मुझे पूरा विश्वास है कि आलाकमान को स्थिति पता है और सही समय पर सही फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो से तीन महीने के भीतर इसका फैसला हो जाएगा। इकबाल हुसैन ने दावा किया कि मैं इधर-उधर की बातें कर नहीं करता। मैं सीधे तौर पर बोल रहा हूं। बता दें कि कर्नाटक में सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना के हालिया बयान के बाद से एक बार फिर इस बात की चर्चा शुरू हो गई थी कि शिवकुमार को राज्य की कमान सौंपी जा सकती है।

### दोनों गुटों में चल रही खींचतान

हालांकि कर्नाटक कांग्रेस में इसे लेकर दो अलग-अलग गुट बने हुए हैं। सीएम सिद्दरमैया के बेटे और कांग्रेस के एमएलसी यतींद्र ने मुख्यमंत्री के बदले जाने की अटकलों को खारिज कर दिया था। इस पर हुसैन ने कहा है कि दिल्ली में जैसे पहले फैसला हुआ था, वैसे ही एक और फैसला होगा, बस इंतजार करना होगा। इसके पहले सिद्दरमैया और शिवकुमार गुट के बीच नेतृत्व परिवर्तन को लेकर बड़े पैमाने पर बयानबाजी हुई थी। लेकिन आलाकमान के सख्त रुख के बाद इस पर कुछ हद तक लगाम लग गई थी। अब कांग्रेस ने डैमेज कंट्रोल के लिए रणदीप सुरजेवाला को दो दिन के लिए कर्नाटक भेजने का फैसला किया है। वह पार्टी के असंतुष्ट विधायकों से बात कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

इकबाल हुसैन ने दावा किया कि मैं इधर-उधर की बातें कर नहीं करता। मैं सीधे तौर पर बोल रहा हूं। बता दें कि कर्नाटक में सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना के हालिया बयान के बाद से एक बार फिर इस बात की चर्चा शुरू हो गई थी कि शिवकुमार को राज्य की कमान सौंपी जा सकती है। हालांकि कर्नाटक कांग्रेस में इसे लेकर दो अलग-अलग गुट बने हुए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीड़िता को कॉलेज के अंदर घसीटते हुए ले गए थे कोलकाता रेप के आरोपी, सीसीटीवी में सामने आया सच





कोलकाता। कोलकाता में 25 जून को एक लॉ कॉलेज में हुआ रेप का मामला अब गर्माता जा रहा है. इस मामले में अब सीसीटीवी फुटेज सामने आई है. इस सीसीटीवी फुटेज में जो कुछ नजर आ रहा है, वह अपराध की तरफ से इशारा करता है. कोलकाता पुलिस के सूत्रों ने एनडीटीवी को बताया है कि सीसीटीवी फुटेज में कोलकाता की एक लॉ छात्रा को दो आरोपी कॉलेज के गेट से कॉलेज परिसर के अंदर घसीटते हुए ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं.

### 25 जून को हुई थी घटना

दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज की 24 साल की छात्रा के साथ 25 जून को गार्ड रूम में कॉलेज के दो सीनियर स्टूडेंट्स ने और एक पूर्व छात्र ने रेप किया था. अब फुटेज से पीड़िता की शिकायत की पुष्टि होती है. पीड़िता ने कहा था कि मुख्य आरोपी, मनोजीत मिश्रा ने दो और लोगों को उसे जबरन गार्ड रूम में ले जाने का निर्देश दिया था. एक पुलिस ऑफिसर ने कहा, सीसीटीवी फुटेज महिला के आरोपों की पुष्टि करती है. इसमें तीन आरोपियों, सुरक्षा गार्ड और पीड़िता की हरकतें दिखाई देती हैं. हम फिलहाल फुटेज की जांच कर रहे हैं.

## सिक्स मारते ही युवक गिर पड़ा, मौत



(फिरोजपुर)। गुरुहरसहाय के डीएवी स्कूल के नजदीकी खेल मैदान में रविवार सुबह लीग का फाइनल मैच खेल रहे 35 वर्षीय खिलाड़ी ने छक्का लगाने के बाद पिच पर ही दम तोड़ दिया।

खिलाड़ी की जिंदगी का वह आखिरी छक्का रहा। जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय हरजीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी बस्ती गुरु कर्म सिंह वाली गुरुहरसहाय कारपेंटर का काम करता था। वह एक आठ वर्षीय बेटे का पिता था। घर में वह अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी व बेटे को छोड़ गया है। नौजवान की अचानक हुई मौत के बाद इलाके में शोक की लहर है। हरजीत सिंह प्रत्येक रविवार को अपने साथियों के साथ क्रिकेट मैच खेलने जाता था। डीएवी स्कूल के पास ग्राउंड में लीग मैच चल रहे थे, जिसमें पांच टीमें भाग ले रही थीं।

## यूक्रेन पर अब तक सबसे बड़ा हवाई हमला, रूस ने 477 ड्रोन से निशाना साधा, 60 मिसाइलें दागीं



कीव। रूस ने यूक्रेन पर शनिवार रविवार की दरम्यानी रात अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस ने यूक्रेन पर 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि रूस की ओर से की गई इस कार्रवाई से तीन साल पुराने युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों में सफलता की उम्मीदें और धूमिल हो गई हैं।

यूक्रेन की वायु सेना ने दावा किया कि रूस ने यूक्रेन पर कुल 537 हवाई हथियार दागे। जिसमें 477 ड्रोन और फर्जी हथियार तथा 60 मिसाइलें शामिल हैं। इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 खो गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने बताया कि रात में अभी तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था। इसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पोलैंड और सहयोगी देशों ने भेजे विमान

खुरासान क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने कहा कि पोलैंड और उसके सहयोगी देशों ने पोलिश हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे हैं। ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने कहा कि ड्रोन हमले में एक एफ-16 पायलट की मौत हो गई। क्षेत्रीय गवर्नर के अनुसार, चेर्कासी में एक बच्चे सहित छह लोग घायल हो गए।

## जीएसटी विभाग की बड़ी चूक, मर चुके अधिकारी का कर दिया तबादला, मचा हड़कंप




रायपुर। प्रदेश के जीएसटी विभाग ने शुक्रवार को 200 अधिकारियों का तबादला किया है, जिनमें से 150 से अधिक अधिकारी लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए थे। अब इस तबादला सूची में एक बड़ी चूक सामने आई, जिसमें दिवंगत अधिकारी दयाशंकर नेताम का नाम भी शामिल है। नेताम का पूर्व में ही निधन हो चुका है, बावजूद इसके उनका नाम लिस्ट में शामिल किया गया है।

### जल्दी जारी की जाएगी संशोधन लिस्ट

तबादला आदेश जारी होने के बाद जैसे ही यह मामला सामने आया, विभाग ने अपनी गलती स्वीकार की और संबंधित शाखा को संशोधित आदेश जारी करने के निर्देश दे दिए हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही संशोधन सूची जारी की जाएगी।

### जीएसटी विभाग में 400 से 500 अधिकारी पदस्थ

बता दें कि विभाग में जीएसटी अधिकारी से लेकर संयुक्त आयुक्त तक चार से पांच सौ अधिकारी पदस्थ है। वाणिज्य कर विभाग के उप सचिव एसके सिंह के हस्ताक्षर से जारी तबादला आदेश में संयुक्त आयुक्त (प्रर्वतन) रायपुर दिनेश कुमार ध्रुव को राज्य कर आयुक्त नवा रायपुर भेजा गया है,जबकि संयुक्त आयुक्त राज्य कर रायपुर संभाग क्रमांक एक हेमंत कुमार पटेल को राज्य कर अधिकारी रायपुर संभाग दो (बीआईयू) ट्रांस किया गया है।

### इन लोगों का हुआ ट्रांसफर

इसके साथ ही संयुक्त आयुक्त राज्य कर (प्रर्वतन) रायपुर नरेंद्र कुमार वर्मा को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अब ट्रेन रवाना होने से 8 घंटे पहले तैयार होगा रिजर्वेशन चार्ट, नियमों में भी हुआ बदलाव



नई दिल्ली। रेलवे में यात्रियों की सुविधा के लिए कई तरह के बदलाव की तैयारी है। सबसे बड़ा परिवर्तन आरक्षण प्रणाली में होगा। टिकटों की बुकिंग व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाया जाएगा। मुसाफिरों को ट्रेन खुलने से आठ घंटे पहले पता चल जाएगा कि उनका टिकट कन्फर्म है या नहीं। अभी आरक्षण चार्ट ट्रेन छूटने से चार घंटे पहले तैयार होता है, जिससे प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को असुविधा होती है।

विशेषकर दूर-दराज वाले यात्रियों को अंतिम समय तक स्थिति स्पष्ट न होने से समस्या होती है। नई आरक्षण प्रणाली दिसंबर 2025 तक लागू हो जाएगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में इन सुधारों की समीक्षा की और कई बड़े निर्णय लिए हैं।

### तत्काल टिकट की बुकिंग के भी बदलेंगे नियम

तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों को भी सख्त किया जाएगा। रेलवे बोर्ड के प्रस्ताव के अनुसार जिन ट्रेनों को दोपहर दो बजे से पहले रवाना होना होगा, उनका आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे तक बना दिया जाएगा। इससे प्रतीक्षा सूची वालों को उनके कंफर्मेशन की स्थिति की जानकारी पहले हो जाएगी। इससे जरूरत पड़ने पर वे वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था कर सकेंगे।

### रेलमंत्री ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

प्रस्ताव पर रेलमंत्री ने मंजूरी दे दी है। उनका कहना है कि टिकट बुक प्रणाली पारदर्शी, सहज और प्रभावी होनी चाहिए। यात्रियों के अनुभव को केंद्र में रखकर ही सभी प्रणालियों को अत्याधुनिक बनाया जाए। टिकट बुक से लेकर यात्रा तक का हर चरण तकनीक आधारित और यात्रियों के अनुकूल होना चाहिए। नई आरक्षण प्रणाली को आसान बनाने का काम सेंटर फार इन्फार्मेशन सिस्टम को दिया गया है। नई प्रणाली वर्तमान क्षमता से लगभग दस गुना ज्यादा सक्षम होगी।

## दीपक बैज का मोबाईल गुमा : राजीव भवन में एनएसयूआई की ले रहे थे बैठक, थाने में की शिकायत, ढूंढने में जुटी पुलिस



रायपुर। छत्तीसगढ़ के पीसीसी चीफ दीपक बैज रविवार को राजीव भवन में हस्र्ढ्ढ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक ले रहे थे। इसी बीच उनका मोबाईल गायब हो गया। श्री बैज का मोबाईल गायब होते ही हड़कंप मच गया और राजीव भवन में खोजबीन शुरू हो गई। मोबाईल नहीं मिलने पर दीपक बैज ने थाने में मोबाइल गुम होने की शिकायत दी। जिसमें उन्होंने शंकर नगर टर्निंग पॉइंट के पास मोबाइल गुम होने की शिकायत की दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, पीसीसी चीफ दीपक बैज आज रविवार को एनएसयूआई की बैठक ले रहे थे। इसी दौरान अचानक उन्हें उनके मोबाइल गायब होने की खबर मिली। जिसके बाद ?देखते ही देखते पूरे भवन में हलचल मच गई और राजीव भवन के भीतर माहौल थोड़ा तनावपूर्ण हो गया। फ़िलहाल भवन के भीतर खोजबीन जारी है।

### राजनैतिक गलियारे में बना चर्चा का विषय

पीसीसी चीफ का का मोबाइल आखिर चोरी हुआ है या कही रखकर भूल गए हैं, इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन इतना जरूर है कि मोबाइल गायब होने से यह मामला राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गया है।

### बैज बताएं, क्या राज हैं मोबाईल में जो कांग्रेसी जानना चाहते हैं?-कश्यप

कांग्रेस कार्यालय से पीसीसी चीफ दीपक बैज का फोन चोरी होने पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि, दीपक बैज बताएं, उनकी मोबाइल में कौन से राज है जो कांग्रेस के लोग जानना चाहते है? चोरी के पीछे उनका शक किस पर है क्या भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव या कोई और कांग्रेस नेता इसके पीछे है, दीपक बैज बताएं।

### हां... मीटिंग के दौरान मेरा फोन खो गया

मिडिया से बातचीत करते हुए पीसीसी चीफ श्री बैज ने कहा कि, मीटिंग के बाद मेरा फोन कहीं खो गया है। या उसे मैंने कहां रखा है यह याद नहीं है। फोन में ज्यादा कुछ इंपॉर्टेंट चीज नहीं थी, लेकिन गांव से लेकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### अंडरब्रिज बनाने की मांग को लेकर सांसद से मिले वार्डवासी



राजनांदगाँव(दावा)। आज बजरंगपुर-नवागाँव से मेडिकल कॉलेज जाने हेतु अंडरब्रिज बनाने की मांग को लेकर वार्डवासियों ने राहुल चौबे के नेतृत्व में सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा।

ज्ञात हो कि अभी वर्तमान में बजरंगपुर-नवागाँव से मेडिकल कॉलेज जाने की दूरी लगभग 6 से 7 किलोमीटर है एवं लिटिया, धर्मापुर, बागतरई, गातापार से लगभग 10 किलोमीटर है। अंडरब्रिज निर्माण होने से बजरंगपुर नवागाँव से दूरी 1 किलोमीटर एवं अन्य गाँवों से करीब पांच किलोमीटर पड़ेगी। सांसद श्री पांडेय ने अतिशीघ्र रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव चर्चा करने की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से योगेश साहू, खेमलाल साहू, नंदलाल साहू, लेखचंद साहू, राधेश्याम यादव एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### पहले जन्मदिन पर वितरित किये 200 से अधिक सीड बॉल



राजनांदगाव (दावा)। पर्यावरण के लिए आज पूरा विश्व प्रयासरत है. वही एक ओर अच्छी पहल नजर आयी. डॉ. आशीष युसुफ ने अपनी पुत्री के पहले जन्मदिन के अवसर पर आये मेहमानों को लगभग 200 से अधिक सीड बाल जिसमें पौधे लगाने के लिए बीज रहते है, अपनी धर्मपत्नी के साथ पुत्री अनाया आशीष युसुफ की ओर से वितरित कर पर्यावरण संग्रक्षण हेतु एक पहल किया गया. साथ ही उस बीज एवं पौधे से लेकर पेड़ बनने तक के संरक्षण करते रहने का सभी से आग्रह किया.

### प्राथमिक शाला चापाटोला से 5 बच्चों का चयन एकलव्य विद्यालय में



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला वि.ख.शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन के मार्गदर्शन में संचालित शिखर कोचिंग के माध्यम से प्रा.शाला - चापाटोला, संकुल-आलकन्हार, वि.ख.मोहला से 5 बच्चों का चयन एकलव्य विद्यालय मोहला एवं मानपुर में हुआ है। शाला से सागर गांवरे, कु. साधना रावटे, कु. कंचन अमिला,कु.यामिनी कोरेटी, कु. मीनाक्षी का चयन हुआ हैं। चूंकि पिता की अधिक उम्र एवं माता जी के स्वर्गवास होने के कारण कु. मीनाक्षी काउंसलिंग में भाग नहीं ली।चयनित बच्चों को संस्था प्रमुख जितेंद्र पटेल, श्याम सिंह बढ़ाई, संकुल समन्वयक पी.एल. देशमुख, संकुल प्राचार्य जी.एस. साहू शिक्षक यशवंत माहले, लालचंद वर्मा, गेंदलाल टंडन, कमल नारायण चंद्रवंशी एवं समस्त ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

### सर्व शैक्षिक संगठन सांझा मंच छत्तीसगढ़ का कल आंदोलन



राजनांदगांव(दावा)। वर्तमान में 23 शिक्षक संगठनों का सर्व शैक्षिक साँझा मंच छत्तीसगढ़ द्वारा युक्तियुक्तकरण की व्यापक विसंगति व भर्रासाही को उजागर करते हुवे पोल- खोल थीम पर जिला स्तरीय व संभाग स्तरीय आंदोलन कर ज्ञापन दिया जा चुका है इसी कड़ी में जिला संचालक विष्णु शर्मा, छन्नू साहू, रमेश साहू, सुशील नारायण शर्मा ने बताया कि आगामी 1 जुलाई 2025 को अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर 146 विकास खण्ड मुख्यालय मे धरना, रैली प्रदर्शन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी/ तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव स्कूल शिक्षा, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौपा जाएगा।


SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th June to 03rd July 2025



Maa - 12:00, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Kannappa - 03:00pm & 09:15pm
Sitaare Zameen Par - 12:30, 03:15, 06:15, 06:30 and 09:00 pm
HOUSEFULL 5 A - 12:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200



dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
महिलाओं की खास फरमाईश पर टिकिट दर पर भारी छूट
बालकनी - 100 रूपए
रिजर्व - 50, महिला- 50 रूपए
सिर्फ सुहाग फिल्म के लिए सुपरहीट, सुपरहीट, सुपरहीट
सुहाग
कला : अनुज शर्मा, अनकृति चौहान,



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


# जिला चिकित्सालय की खराब व्यवस्था को सुधारने 3 करोड़ स्वीकृत



राजनांदगांव (दावा)। शहर का जिला चिकित्सालय ज्यादातर अपनी अव्यवस्थाओ के चलते सुर्खियों में रहता है। अभी बारिश ठीक तरह से हुआ नहीं है और जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों की कालोनी में जल जमाव की स्थिति बन आई है। जिसके चलते जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों को गंदगी के बीच रहना पड़ रहा है, वहीं उनके घरों के सामने जल भराव होने से उन्हें अस्पताल जाने में परेशानी हो रही है। बेचारों के जल जमाव वाले गड्ढों को लांघ कर, कूद- फांद करते हुए हास्पीटल में जाना पड़ता है। एक डाक्टर ने तो स्थानीय प्रशासन से बारिश के दिनों में बोट की मांग कर दी है ताकि पूरे अस्पताल परिसर में भरे पानी को पार करते हुए अस्पताल में जाया जा सके।

**एक फीट ऊंचा किया गया था जिला अस्पताल**

बता दें कि बारिश के दिनों में जिला चिकित्सालय को डूबने से बचाने के लिए सिविल सर्जन डॉ के,के जैन के समय एक फूट उंचा किया गया था। पूरे अस्पताल का जीर्णोद्धार हुआ था। इससे बाद भी बारिश के दिनों में आसपास के गंदे नालों का पानी अस्पताल में घुस जा रहा है। बारिश के दिनों में अस्पताल परिसर में जल मग्न की स्थिति बनी रहती है। अस्पताल के अंदर पानी घुस जाता है। परिसर स्थित डॉक्टरों की कालोनी में जल जमाव हो जाता है। इसके चलते जिला अस्पताल में सेवा देने वाले डाक्टरों को डाक्टरों व उनके परिजनों को गंदगी और मच्छरों के बीच रहना पड़ता है। इससे वहां मलेरिया व डेंगू जैसे जान लेवा रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। जिला चिकित्सालय में सेवाएं देने वाले डाक्टरों की मानें तो हल्की सी बारिश होने पर ही यहां की समस्या बढ़ जाती है। इसके लिए जिला चिकित्सालय के ड्रेनेज सिस्टम को जिम्मेदार बताया गया।

**कचरा-गंदगी से पटा पड़ा रहता है नाला**

बता दें कि जिला चिकित्सालय के सामने बसंतपुर रोड में स्थित बड़ा नाला हमेशा कचरा-गंदगी से पटा पड़ा रहता है। थोड़े दिनों में सफाई भी की जाती है लेकिन फिर जब के तहत हो जाता है। इस बड़े नाले में बीएनसी मिल, लालबाग, सिंधी कॉलोनी, महेंद्र नगर आदि की ओर के नालों से आने वाला गंदा पानी यहां कचरा-गंदगी के साथ ठहरा पड़ा रहता है। जिससे बदबू भी उठती रहती है। शहर के पूरे पश्चिम भाग का पानी इसी नाले से होकर नंदई की ओर आगे बढ़ता है लेकिन इस नाले की चौड़ाई कम होने से उक्त पानी की निकासी सही तरीके से नहीं हो पाता। इससे बारिश के दिनों में हर साल अस्पताल परिसर जल मग्न हो जाता है। यही नहीं नाले का उक्त गंदा व बदबूदार पानी अस्पताल अंदर भी प्रविष्ट हो जाता है जिससे बड़ी विकट स्थिति बन आती है। अस्पताल में भरे पानी में जहरीले जीव-जंतु तैरने लगते हैं। सीलन होने से दीवारों में करंट आ जाता है। इससे बचने अस्पताल को एक फीट ऊंचा किया गया था। लेकिन तब भी बारिश में पानी घुसना बंद नहीं हुआ। अब इसमें करोड़ों खर्च के फिर से दो-ढाई फीट उंचा उठाया जा रहा है। अस्पताल के सभी वार्डों व कक्षों को पाटा जा रहा है। ओटी से लेकर सोनोग्राफी कक्ष, एक्सरे रुम व डाक्टरों के बैठने के कक्षों को उपर शिफ्ट किया गया है। अस्पताल को उपर उठाने का काम धड़ल्ले से जारी है लेकिन यह सिर्फ दिखावे भर के लिए रह जाएगा। क्योंकि बारिश के दिनों में अस्पताल में पानी भरने की मुख्य वजह इसके सामने का बड़ा नाला है जो आगे से काफी संकरा होने की वजह से पूरा गंदा पानी यहां जाम हो जाता है। जिसके चलते इसका पूरा गंदा पानी अस्पताल परिसर में पसरे रहता है। वहीं गंदा पानी डाक्टरों की कालोनी से लेकर अस्पताल अंदर व परिसर में प्रवेश कर जाता है जो हर साल डाक्टरों व मरीजों सहित उनके परिजनों में परेशानी का कारण बना रहता है।

- फिर भी अस्पताल परिसर में भर रहा नाले का गंदा पानी
- डॉक्टरों की कालोनी में जल जमाव, लोगों की बढ़ी परेशानी

**खराब व्यवस्था सुधारने 3 करोड़ रुपए स्वीकृत**

बता दें कि बीते दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के नगर आगमन पर जिला चिकित्सालय की खामियों के संबंध में उन्हें बताया गया था। वहीं दूसरी ओर जिला चिकित्सालय की खराब व्यवस्था की जानकारी कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को होने पर पुनः इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया गया। इस पर उक्त खराब व्यवस्था सुधारने तथा हास्पीटल के नीचे होने को लेकर इसके निराकरण के लिए 3 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए हैं।

बताते चलें कि महापौर मधुसूदन यादव ने गत दिनों नगर निगम में आयोजित सामान्य सभा में उक्त जिला चिकित्सालय के आसपास बहने वाले बड़े नाले व नालियों को चौड़ीकरण व बहाव को व्यवस्थित बनाने के लिए सवा 3 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है लेकिन इसका काम अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है इससे इस साल की बारिश में भी जिला चिकित्सालय परिसर सहित डाक्टरों के कालोनी में पुनः जलभराव की स्थिति देखने को मिलेगी। जिला चिकित्सालय के उपर उठाए जाने के बाद भी अस्पताल परिसर में बारिश का पानी भरने से रोका नहीं जा सकेगा और स्थिति जस की तस बनी रहेगी।

## ई.पी.एस. 95 की राष्ट्रीय संघर्ष समिति का वार्षिकोत्सव संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। ई.पी.एस. 95 पेंशन की राष्ट्रीय संघर्ष समिति मुख्यालय जिला बुलढाणा, महाराष्ट्र के 8 वें स्थापना वर्ष पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक रॉउत के आव्हान पर वार्षिकोत्सव 28 जून को पूर्व सांसद व महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने की, विशिष्ट अतिथि शिव वर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। आज दोपहर 11.30 बजे तुलसीपुर लेबर कालोनी, राजनांदगांव स्थित सामुदायिक भवन में पेंशनर्स ने राष्ट्रीय संघर्ष समिति (NAC) का 8 वां स्थापना दिवस गरिमामय कार्यक्रम में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने पेंशनर्स की मांग को जायज बतलाते हुए इसे पूरा करवाने में यथासंभव सहयोग देने का वचन दिया।

सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात तिरंगा झंडारोहण किया गया एवं राष्ट्रगान हुआ। अतिथियों के स्वागत के पश्चात् मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने सदस्यों को शपथ दिलाई। इसके पश्चात् संगठन के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष पिल्ले, शंकरपुर के पार्षद शिव वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए संगठन की मांगों को जायज करार दिया एवं उसे पूरा कराने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।



बीएनसी मिल्स के इंटुक अध्यक्ष जयनारायण सिंह ने भी पेंशन की जायज माँग की घोषणा में देरी के लिए केन्द्र सरकार को जवाबदार ठहराया। राष्ट्रीय संघर्ष समिति की जिला ईकाई के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से सी के देशमुख, सूरज भान सिंह, मोहम्मद यूसुफ, सुनील बाजपेयी एवं एजाजुर्रहमान ने सभा को संबोधित करते पिछले आठ सालों से न्यूनतम पेंशन रू. 7500 रु. एवं महंगाई भत्ता दिये जाने की मांग को लेकर चल रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन की विस्तृत जानकारी दी। दिवंगत सदस्यों के नामों का पठन व उनके योगदान का स्मरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो. फारूख ने किया एवं आभार प्रदर्शन अजय शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के अंत में संगठन के दिवंगत सदस्यों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से दयाराम कोसा, रामजी वर्मा, जिरबोधन देवांगन, जेड रेहमान, सी.के. देशमुख, मोहम्मद इस्हाक, बालमुकुंद विश्वकर्मा, मोहम्मद युसुफ भाई, बलीराम पाल, अनवर शरीफ कुरैशी, महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती उर्मिला बाई, सचिव जैना बाई मेश्राम, शुकवारो बाई, लैजा बाई रंगारी, डारन बाई, वहीदा बेगम, दुर्गा बाई, सुखविंदर कौर ढल्ला, सबुजन निशा, सविता सिंह, नजीर अहमद, सतीश श्रीवास्तव, नवीन कुमार देवांगन, अकालू राम, रमेसर, पंचराम निषाद, चन्द्र शेखर पिल्लै सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थे।

## विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल बैठक संपन्न



**बैठक में सेवा कार्यों के कई प्रस्ताव पारित**

राजनांदगांव(दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव में विश्व विख्यात संत प्रातः स्मरणीय परम पूज्य सद्गुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज द्वारा संचालित संस्था विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल द्वारा अति आवश्यक मीटिंग संस्था अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी के निवास लालबाग में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के द्वारा आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा बनाई गई साथ ही आगामी 10 जुलाई को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 तक स्थान झूलेलाल मंदिर परिसर लाल बाग में गुरु आराधना का महापर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरु और शिष्य के महा मिलन का पर्व गुरु पूर्णिमा त्याग समर्पण सेवा गुरु चरणों में समर्पण करते हुए मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में संरक्षक नंदकिशोर खंडेलवाल, अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी, सचिव सौरभ खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल, सदस्य महेश खंडेलवाल, भानु पटेल, अरविंद ठक्कर, डीसी कोरी, जितेंद्र शर्मा एवं कनकलता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## महंत राजा बलरामदास स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। नगर के सबसे पुरानी शिक्षण संस्था महंत राजा बलरामदास शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में बीते शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। आयोजन विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल के मुख्य आतिथ्य व संस्था के प्राचार्य एम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद प्रमोद लेंजारे भी उपस्थित रहे।

नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पाठ्य पुस्तकें वितरित कर स्वागत किया गया। बच्चों के चेहरे पर पहले दिन स्कूल आने की खुशी और उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था। मुख्य अतिथि बघेल ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय आने और पूरे मनोयोग से पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय की पवित्रता और परंपरा को बनाए रखते हुए अनुशासित जीवन की शुरुआत यहीं से होती है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता एसपी तिवारी ने किया। समापन अवसर पर प्राचार्य श्री सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और शिक्षकों को सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ में हो रही गुरु पूर्णिमा पर्व की भव्य तैयारियां



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ सहित जिले भर के प्रज्ञापीठों में आगामी 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसकी जोरों-शोरों से तैयारियां की जा रही है। बताया जाता है कि अखिल भारतीय युग निर्माण योजना के संस्थापक पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री राम शर्मा जी को गुरुवर के रुप में पूरी श्रद्धा भावना के साथ पूजा जाएगा और गुरु पूर्णिमा का पर्व वैदिक अनुष्ठान सहित हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि इन दिनों गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ की धूम बनी हुई है। वहीं गांव- गांव में अखंड ज्योति रथ यात्रा भी निकाली जा रही है। गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ एवं उप जोन समन्वयक नंद किशोर सुरजन द्वारा इस संबंध में छुरिया प्रज्ञा पीठ में बैठक भी आयोजित की गई।

**जिले के छुरिया इलाके में बना माहौल, गांव-गांव में पहुंचेगी अखंड ज्योति रथयात्रा**

**3 जुलाई को पहुंचेगी अखंड ज्योति रथ यात्रा**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में अखंड ज्योति रथ यात्रा जिले के विकासखंड छुरिया से प्रारंभ होने जा रही है। परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी वर्ष, अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष एवं अखंड दीपक प्रज्वलन के शताब्दी वर्ष 2026 के निमित्त भारतवर्ष के कोने-कोने में अखंड ज्योति रथ पहुंच रही है। इसी क्रम में जिले के विकास खंड छुरिया में 3 जुलाई को रथ पहुंचेगी। तैयारी के लिए विगत दिनों गायत्री परिवार के परिजन गायत्री प्रज्ञा पीठ छुरिया में बैठक कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई विशेष रूप से समय दान एवं अंशदान करने वाले कार्यकर्ताओं को चिन्हित किया गया ।प्रत्येक गांव में रथ जाएगी इसकी पूर्व तैयारी के लिए परिजनों को जिम्मेदारी दी गई। अखंड ज्योति रथ के साथ युग साहित्य वाहन की भी व्यवस्था रहेगी। गांव-गांव में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा रचित साहित्य का वितरण भी किया जाएगा। रथ के आगमन पर प्रत्येक गांव में भव्य आरती व युग ऋषि का युग संदेश दिया जाएगा एवं सायंकालीन रथ रुकेगी वहां सत्संग एवं दीप यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। उपजोन समन्वयक नंदकिशोर सुरजन के मार्गदर्शन में जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा द्वारा कार्यक्रम को भव्य एवं व्यवस्थित करने के लिए प्रत्येक विकासखंड में पूर्व से व्यवस्था बनाई जा रही है।

## पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के निधन से कवि/साहित्यकारों में गहरा दुःख, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध हास्य कवि, व्यंग्यकार और साहित्यकार पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे जी के निधन ने कला संस्कृति जगत के लोगों को झकझोर दिया है।

संस्कारधानी नगरी से विशेष लगाए रखने वाले पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे यहां छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति व राजभाषा आयोग के कई आयोजनों व कवि सम्मेलनों में शिरकत की है।

छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष और छग राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक, कवि/साहित्यकर आत्माराम कोशा 'अमात्य' ने पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे के साथ बिताए हुए क्षण को याद करते हुए उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है और कहा कि दुबे जी भले ही आज हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनकी हास्य-व्यंग्य की कविताएं, छत्तीसगढ़ी व हिन्दी की मारक प्रभाव छोड़ने वाली साहित्य की अन्य प्रौढ़ रचनाएं हमेशा हम सभी का मार्ग प्रशस्त करती रहेगी। उनके सबसे ज्यादा निकट रहने वाले हास्य व्यंग के कवि पद्यलोचन शर्मा मुंहफट ने डॉ. दुबे को कवि सम्मेलन मंचों का टाइगर बताते हुए कहा कि दुबे जी की छत्तीसगढ़ी भाषा को देश और विदेशों में स्थापित करने वाले दुबे जी की अनोखी शैली, प्रखर लेखनी और मंचीय उपस्थिति हम सबको गर्व की अनुभूति करा देता था। उनसे लोगों ने बहुत कुछ सीखा है छत्तीसगढ़ी साहित्य व हास्य व्यंग को समृद्ध करने वाला छत्तीसगढ़िया बेटा आज हमारे बीच नहीं रहे जिसका कि हमें काफी दुःख है। उन्होंने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र जी के निधन को कला साहित्य और सांस्कृतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

व्यंग्यकार गिरीश ठक्कर स्वर्गीय ने कहा कि दुबे जी की कविताओं में हास्य के साथ समाज की गहरी विडंबनाओं का चित्रण होता था। उन्होंने जीवन भर अपनी रचनाओं से जनमानस को न केवल गुदगुदाया, बल्कि सोचने को भी विवश किया। उनकी वाणी में व्यंग्य था, संवेदना थी और सच्चाई का स्वर था। इस अवसर पर कथाकार/कवि मानसिंह 'मौलिक' गजेंद्र बख्शी, पवन यादव 'पहुना' आनंदराम सार्वा, ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' लखनलाल साहू 'लहर' थंगेश्वर साहू, शैलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कवि/साहित्यकारों ने पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे जी के योगदान को सादर नमन करते हुए उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की है और ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है।


### निविदा सूचना

क्रमांक 17/सीएलएफ / 2025 मुसराकला, दिनांक 27/06/2025

कार्यालय संजीवनी संकुल संगठन मुसराकला विकासखण्ड डोंगरगढ़ द्वारा आजीविका गतिविधि हेतु पीनट बटर इकाई तथा प्रोटीन बार निर्माण इकाई की स्थापना किया जाना है। अतः मशीनरी क्रय हेतु पंजीकृत निर्माता/वितरक / सप्लायर्स से दर आमंत्रित की जाती है जिसकी अंतिम तिथि 21.07.2025. समय दोपहर 2 बजे तक है। निविदा प्रपत्र रु.`500 जमा कर कार्यालय, संजीवनी संकुल संगठन मुसराकला विकासखण्ड डोंगरगढ़ से अथवा मेल आईडी sanjeevnisankul@gmail.com पर संपर्क कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

अध्यक्ष / सचिव
संजीवनी संकुल संगठन मुसराकला



### स्थानांतरण सूचना

काजल इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इलेक्ट्रीकल्स जयस्तंभ चौक से दिल्ली दरवाजा नगर निगम काम्प्लेक्स में स्थानांतरित हो गई है।

ललित-परेश (विक्की) रायचा
मो.- 7000724699

# अंचल में बारिश का बेसब्री से इंतजार, हल्की बारिश से नहीं होगा किसानों का भला

राजनांदगांव (दावा)। देश का उत्तर भारत बाढ़ की चपेट में हैं। गुजरात महाराष्ट्र जैसे बड़े प्रदेश पानी-पानी हो गया है लेकिन छत्तीसगढ़ का पश्चिमी सिरा राजनांदगांव, दुर्ग संभाग अच्छी बारिश के लिए तरस रहा है। जिले में अब तक उल्लेखनीय बारिश नहीं हो पाई है। इससे किसानों को इस साल की खेती-किसानी की चिंता खाए जा रही है। मानसूनी दस्तक के शुरुआती दिनों में किसान खुर्रा जुताई कर धान की बोनी तो कर दिए लेकिन पर्याप्त रुप से बारिश नहीं होने से उनकी बोनी बेकार जा रहा है। खेतो में बगैर पानी के ठहराव के या तो बीज भता गए हैं या फिर सड़न उत्पन्न हो चुकी है। इससे किसानों को डबल मेहनत करनी पड़ रही है। यदि पर्याप्त रुप से बारिश हो जाए तो किसानों को फिर से बोनी करनी पड़ सकती है।

कृषि विभाग की मानें तो जिले में अब तक 84 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। इस साल खरीफ सीजन में जिले में पौने 2 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लेनी है लेकिन उसके लिए पानी चाहिए।धान की खेती करने के लिए हर एकड़ में लाखों लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इस साल बारिश का मौसम सामान्य से कमजोर रहने पर किसानों को फसल की नुकसानी की संभावना बढ़ गई है।

कलेक्ट्रेट स्थित भू- अभिलेख शाखा के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में अब तक 267. 7 मिलीमीटर बारिश एवं औसत 45.1 मिमी दर्ज की गई है। रविवार को सुबह से हल्की बारिश का माहौल बना रहा। किसानों की मानें तो इस फुरफुरी बारिश से खेती-किसानी का कुछ भी भला नहीं होने वाला। खेतों में बोए जा चुके बीज को बढ़ने के लिए अच्छी बारिश की आवश्यकता है जो अभी तक नहीं हो पाई। इसलिए अच्छी बारिश के लिए किसानों की नजरें आसमान की ओर टिकी हुई है।




## जीवनदायिनी नदी मोहारा में पर्याप्त पानी नहीं, नहीं खोले गए गेट

### शिवनाथ नदी में पर्याप्त पानी का अभाव

बता दें कि जिले में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ में पानी का अभाव बना हुआ है।नदी में जमी गाद व अतिरिक्त रेत को निकाला भी नहीं गया है। इससे नदी में पानी का पर्याप्त रुप से भंडारण नहीं हो पा रहा। यही वजह है कि गर्मी के दिनों में आसपास के जलाशयों व मोंगरा बांध से पानी लेना पड़ता है। इस साल गर्मी के समय मटिया मोती से लेकर मोंगरा बांध से पानी लिया गया। उसी के पानी से शहर वासियों की प्यास बुझ रही है।

दिक्कत यह कि आधा आषाढ़ बीत जाने के बाद भी एक भी बार जमकर बारिश नहीं हुई। यहां तक कि रथ यात्रा के दिन भी लगभग सूखा गया। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के दूसरे दिन सुबह से ही काली-काली घटाओं के साथ हल्की-फुल्की बारिश करा गया। इससे गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत मिली, लेकिन किसानों का ईतने भर बारिश से कुछ भी भला नहीं हो पाया है। किसान आंखें तरेर कर आसमान की ओर देख रहे हैं लेकिन क्या हो गया है बारिश को वे भी समझ नहीं पा रहे। मौसम विभाग भी इस मामले में ठीक तरह कुछ भी नहीं बता पा रहा कि अच्छी बारिश कब होगी। कब बंगाल की खाड़ी में दबाव का क्षेत्र बनेगा और बारिश पानी के लिए सिस्टम तैयार होंगे।

### अच्छी वर्षा होने पर ही खुलेंगे एनीकट के गेट

जिले सहित पूरे अंचल में अच्छी वर्षा का सभी को इंतजार है। किसान तो बेसब्री से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं पर इंद्रदेव की कृपा होय तब ना। अच्छी बारिश नहीं होने से शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ में पर्याप्त पानी का भंडारण नहीं है। ले-देकर काम चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन को एनीकट में स्टोर पानी से नागरिकों की प्यास बूझाने की चिंता पहले है। एनीकेट में स्टोर पानी अन्य जलाशयों से खरीदा गया है। नगर निगम भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहा है। बाढ़ जैसी स्थिति आए तो एनीकट के सभी गेट खोले जाएं ताकि इसमें जमे गाद व टीले के जैसे जमे रेत बाढ़ में बह जाए जिससे नदी की जलधारा की क्षमता बढ़ जाएगी। लोगों का कहना है कि इसके लिए बारिश का इंतजार क्यों हो रहा था। भीषण गर्मी के दिनों में नदी में जमी गाद व रेत को निकलवाया जा सकता था जो बारिश होने पर अधिकाधिक रुप से नदी में जलधारण की क्षमता को बढ़ा देती। लेकिन ऐसा नहीं किया जा सका। बहरहाल नदी में हमेशा के लिए पर्याप्त रुप से जल भंडारण कैसे हैं इस दिशा में सोचने की आवश्यकता है साथ ही यह भी सोचना आवश्यक हो गया है कि दूसरे प्रदेशों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई लेकिन जैसा क्या कारण है कि छत्तीसगढ़ का यह पश्चिमी भाग बारिश के लिए तरस रहा है।

## महाप्रभु जगन्नाथ जी पहुंचे मौसी के घर



राजनांदगांव (दावा)। महाप्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलदाऊ एवं बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण के पश्चात प्रभात नगर में अपने मौसी के घर पहुंचे। यहां प्रभु 15 दिन विश्राम करेंगे।

# शिक्षक नगर में हुई चोरी, नगदी सहित सोने-चांदी के गहने ले उड़े चोर



राजनांदगांव (दावा)। स्टेशन पारा चिखली क्षेत्र मे आने वाले शिक्षक नगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने घर मू धावा बोल कर आलमारी में रखे नगदी रकम व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना चौकी चिखली पुलिस को मिलने पर चोरों की पता साजी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि उक्त घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि उक्त चोर बाहर के हो सकते हैं।

चौकी चिखली प्रभारी उमेश बघेल ने बताया कि शिक्षक नगर में हुई चोरी की घटना के संदर्भ में घर मालिक द्वारा चोरी गए सामानों का ब्यौरा आज 30 जून को आकर देने की बात कही है। बताया जाता है कि मकान मालिक के यहां शादी कार्यक्रम होने के बाद वे अपने परिवार के साथ नए दूसरे मकान में शिफ्ट हो गए हैं। पुराने घर में सिर्फ आलमारी रखी हुई थी। जिसमें नगदी रुपए व सोने-चांदी के जेवरात रखे हुए थे। चोर उसे चोरी कर ले गए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रक्रिया में ले लिया है।

# कल्याणी इस्पात कम्पनी कोपेडीह ने पाईप लाइन बिछाने सड़क किनारे को खोदा, सड़क पर हुई दलदल, गाड़ियां फंसी

राजनांदगांव (दावा)। जिले के अंतिम छोर दुर्ग जिले से लगा ग्राम कोपेडीह से जोरातरई, अंजोरा मार्ग पर पूरी तरह दलदल हो चुका है. स्थिति यह है कि ग्राम वासियों को उक्त सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।



क्षेत्रीय जनपद सदस्य मोहनीश धनकर ने बताया कि कोपेडीह, जोरातरई, अंजोरा के ग्रामीणों को आवागमन में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री धनकर ने आगे कहा कि कल्याणी इस्पात कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क के किनारे को खोद दिया गया था और उस पर वापस पाटा नहीं गया है जिसके कारण सड़क की दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग चुकी है और सड़क पूरी तरह से जाम है और सड़क पर बड़े गाड़ियों की लंबी लाइन लग चुकी है। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण वाहनों का आवागमन होता रहता है।

### दलदल हुई सड़क पर राहगीर हुए परेशान ग्रामीणों में आक्रोश

कोपेडीह, जोरातरई मार्ग पर हुई दलदल से राहगीर परेशान है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण हजारों की संख्या में मजदूर इसी मार्ग से फैक्ट्री कंपनी में कार्य के लिए इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, सड़क से गुजरने वाली दोपहिया वाहन चालक तो अक्सर दुर्घटना का शिकार होकर चोटिल होते रहते हैं ग्रामीणों ने यह भी बताया की बारिश होने पर कीचड़ की वजह से यहा से निकलना मुश्किल हो गया है।

# कांग्रेस की 'संविधान बचाओ सभा' : भूपेश बोले- केंद्र संवैधानिक संस्थाओं को कर रहा कमजोर



भिलाई। भिलाई में कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में संविधान बचाओ सभा का भव्य आयोजन किया गया। इस सभा में हजारों की संख्या में कांग्रेस समर्थक, आम नागरिक एवं पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन स्थल सिविक सेंटर परिसर जनसमूह से खचाखच भरा रहा और पूरे क्षेत्र में एक उत्साही और जागरूकता से भरा माहौल देखने को मिला।

सभा में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल तथा भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में भूपेश बघेल ने कहा कि आज देश के लोकतंत्र और संविधान पर गहरा संकट मंडरा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़े हों और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखें। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश की जा रही है, जिसे जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी।

### संविधान हम सबके अधिकारों का रक्षक- विधायक

वहीं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि यह सभा केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि देश की आत्मा की रक्षा के लिए जन-जागरण का एक अभियान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान हम सबके अधिकारों का रक्षक है और हम सबका कर्तव्य है कि हम इसकी रक्षा करें।

सभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, हस्ढ्ढ और अन्य संगठनों के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में संविधान की गरिमा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए एकजुटता की अपील की।

सभा के अंत में एक संविधान शपथ का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने लोकतंत्र, समानता, और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने की शपथ ली। यह आयोजन कांग्रेस पार्टी के उस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत लोगों को संविधान के महत्व और उसकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# अवैध रुप से गांजा रखने वाला युवक गिरफ्तार




खैरागढ़ (दावा)। अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की। रविवार 29 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम नवागांव निवासी आसाराम विश्वकर्मा अपने घर मे अवैध रूप से गांजा रखा है, कि सूचना मिलने से जिला केसीजी पुलिस टीम के द्वारा त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए ग्राम नवागांव आसाराम विश्वकर्मा के घर पहुंचकर घेराबंदी कर मौके पर आसाराम विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जो अपने घर में 500 ग्राम अवैध रूप से गांजा को छिपाकर रखा था एवं पास से 2070 रुपए को गवाहों के समक्ष बरामद कर विधिवत अपराध क्र0 54/2025 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कायम कर गिरफ्तार किया गया है। जिसमें न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# कुंआ बचाओ अभियान, शहर के कुओं को बचाने का लिया संकल्प



डोंगरगांव (दावा)। शहर में लगभग 30 सरकारी कुंआ है जिसे सही ढंग रख रखाव न होने की वजह से वह अपना अस्तित्व खो रहा है। जबकि कुंआ हमारे पुराने धरोहर में से एक है व बारिश में पानी के संरक्षण हेतु अहम भूमिका अदा करता है। ऐसे धरोहर को बचाएं रखने के लिए विशेष जन-जागरूकता अभियान भोज साहू पर्यावरण प्रेमी व इंदू साहू समाजसेवी के द्वारा चलाया जा रहा। जिसमें मोहल्ले के नागरिकों को एकजुट कर प्रत्येक सप्ताह में एक-एक कुंआ का चयन कर, उस मोहल्ले के वार्ड पार्षद व मोहल्लेवासियों के सहयोग से कुंआ बचाओ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे शाम के समय एकत्रित हो कर कुंआ में दीपदान करते हुए पानी बचाओ अभियान के तहत तख्ती लेकर, जल ही जीवन है, जल है तो कल है व कुंआ बचाओ अभियान के पोस्टर के माध्यम से आम जानो को जागरूक किया जा रहा है। आम जनों से अपील किया गया कि कुंआ के आसपास गंदगी ना फैलाये। कुंआ संरक्षित करना हम सबका जिम्मेदारी है।

इस कुंआ बचाओ अभियान के बारे में वालेंटियर्स ने बताया कि डोंगरगांव में लगभग 30 सरकारी कुएं है, जिसे मुहिम के माध्यम से 'कुआं बचाओ अभियान' के तहत, जल संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में कुओं की साफ सफाई और जीर्णोद्धार करने के लिए आम लोगों से अपील कर रहे हैं। जिससे बारिश का पानी कुंआ में जायेगा और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से जल स्त्रोत में वृध्दि होगी। उक्त कार्यक्रम में वार्ड पार्षद निर्मला मालेकर, पार्षद प्रतिनिधि हरि मालेकर, गायत्री परिवार से जय प्रकाश सिन्हा, रिसभदेव सिन्हा, शुभ मुटकुरे, पत्रकार घनश्याम साव, सरिता यादव, मंजु सोनी, नारायण सोनी, हंसराज राजपूत, रिंकू दुबे, खेमराज लहरें, रेशमा कंडरा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# लग सकता है महंगी बिजली का झटका : वितरण विभाग ने प्रति यूनिट 20 पैसे की वृद्धि का दिया प्रस्ताव



राजनांदगांव (दावा)। लोगों को एक बार फिर बिजली का झटका लगने वाला है। बिजली कंपनी ने अपना घाटा कम करने के लिए बिजली बिल में प्रति यूनिट 20 पैसे की बढ़ोत्तरी का मसौदा तैयार किया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग घाटा कम करने के लिए जल्द ही नई दरें लागू कर सकती है, नया टैरिफ 1 जुलाई से लागू हो सकता है। इसके बाद विद्युत उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ेगा, हालांकि विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल अधिकृत आदेश जारी नहीं हुआ है। विद्युत नियामक द्वारा आयोजित जनसुनवाई के बाद ही नई दरें लागू की जा सकती है। दरअसल सीएसपीडीसीएल ने विद्युत नियामक आयोग को 4 हजार 550 करोड़ रुपए के घाटे की जानकारी दी है।

**वर्तमान स्लैब यूनिट की वर्तमान दर**

(रुपये प्रति यूनिट)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 0-100 | 3.90 रुपए |
| 2. | 101-200 | 4.10 रुपए |
| 3. | 201-400 | 5.50 रुपए |
| 4. | 401-600 | 6.50 रुपए |
| 5. | 601 से ज्यादा | 8.10 रुपए |

सीएसपीडीसीएल ने इस घाटे को कवर करने के लिए 20 पैसे प्रति यूनिट तक बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है। सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं के लिए विद्युत विभाग कई स्लैब में बिजली बिल की गणना करता है। पहला स्लैब शून्य से 100 यूनिट से शुरू होता है और अंतिम स्लैब 601 यूनिट से अधिक का स्लैब है। हर स्लैब के लिए प्रति यूनिट की दर अलग-अलग है। स्लैब की गणना अलग-अलग की जाती है और फिर बिजली बिल तैयार किया जाता है। वर्तमान प्रस्ताव सभी स्लैब में दरों में बिल की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। बिल में बढ़ोतरी का प्रस्ताव विद्युत वितरण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष टैरिफ में संशोधन का विधेयक पास किया जाता है और इसे विद्युत नियामक आयोग को भेजा जाता है। नियामक आयोग द्वारा ही अंतिम औपचारिकता पूरी की जाती है, जनसुनवाई का भी आयोजन होता है, इसके बाद ही नई दरों को लागू किया जाता है। पिछले वर्ष जून 2024 में भी दरों में बढ़ोतरी की गई थी। अब इस वर्ष फिर से बिल में बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। हालांकि ऐसा बेहद कम अवसर होता है, जब वितरण विभाग लगातार दूसरे वर्ष बिजली बिल में की दरों में बढ़ोतरी करें।

# 14 जुलाई से शुरू होगा विधानसभा का मानसून सत्र, विधायकों ने तैयार किए एक हजार सवाल



रायपुर। विधानसभा का आगामी मानसून सत्र सियासी हलचल और तीखी बहसों से भरा रहने वाला है। 14 जुलाई से शुरू होने जा रहे पांच दिवसीय सत्र के लिए अब तक विधायकों ने करीब एक हजार सवाल लगाए हैं।

खास बात यह है कि इन सवालों में सिर्फ विपक्ष ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष के विधायक भी सरकार से जवाब मांग रहे हैं।

विधानसभा सचिवालय को प्राप्त सवालों में कानून-व्यवस्था, योजनाओं में भ्रष्टाचार, शासकीय कार्यों में लापरवाही, स्थानीय समस्याएं और योजनाओं की विफलता जैसे मुद्दे प्रमुखता से शामिल हैं। विपक्ष की रणनीति स्पष्ट है। वह सत्र के हर दिन सरकार को घेरे रखने के मूड में है।

### सदन में कांग्रेस का आक्रामक तेवर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने साफ किया है कि पार्टी इस सत्र में कानून-व्यवस्था, अवैध रेत खनन, पेड़ों की कटाई और बिलासपुर के पटवारी आत्महत्या जैसे मुद्दों को जोर-शोर से उठाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक सरकार की नीतियों का विरोध करेगी और जवाब मांगने से पीछे नहीं हटेगी।

### खरगे के दौरे पर गरमाई राजनीति

इधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर भी राजनीति गरमा गई है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि राज्य खरगे का स्वागत नहीं करेगा, क्योंकि उन्होंने सनातन धर्म का अपमान किया है। इसके जवाब में बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि जब सीएम के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने मुख्यमंत्री साय, योगी आदित्यनाथ और यूपी भाजपा अध्यक्ष को 'ब्रह्मा, विष्णु, महेश' कहा था, तब भाजपा क्यों चुप रही? बैज ने भाजपा पर धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी भाजपा के नेताओं को फायदा होता है, तब वे धर्म की आड़ लेते हैं।

# भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने प्रधानमंत्री मोदी जी की मन की बात गैंदाटोला के ग्राम पंचायत आलीवारा में सुनी



छुरिया (दावा)। जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव की उपस्थिति में ग्राम पंचायत आलीवारा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 123 वां संस्करण ग्राम पंचायत आलीवारा में सुना गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी व जनपद पंचायत सदस्य हेमिन विष्णु साहु,भाजपा मंडल गैंदाटोला महामंत्री रामकुमार मंडावी व डोमन पटेल ,भाजपा मंडल गैंदाटोला कोषाध्यक्ष हनीफ कुरैशी ने भी मन की बात कार्यक्रम का 123 वां संस्करण सुना।

जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के ज़रिए देश और समाज के उत्थान में जुटी विभिन्न प्रतिभाओं एवं नवाचारों को एक सशक्त मंच मिला है। मन की बात में पूरे देश के कोने-कोने से लोग जुड़े, हर आयु वर्ग के लोग जुड़े है?।मन की बात कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है , जो हर महीने आता है, जिसका इंतजार हम सभी को होता है।आज मन की बात कार्यक्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा अनेको विचार साझा किए गए आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि आप सब इस समय योग की ऊर्जा और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार 21 जून को दुनिया के करोड़ों लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया 10 साल पहले इसका प्रारंभ हुआ और 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं।लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा का फिर से शुभारंभ हुआ है।कैलाश मानसरोवर यानी, भगवान शिव का धाम। हिन्दू, बौद्ध, जैन, हर परंपरा में कैलाश को श्रद्धा और भक्ति का केंद्र माना गया है।3 जुलाई से पवित्र अमरनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है और सावन का पवित्र महीना भी कुछ ही दिन दूर है। अभी कुछ दिन पहले हमने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भी देखी है। Emergency लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था।इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे अनेकों विचार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में कहा है मन की बात कार्यक्रम हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। जो हम सभी को दुगुनी ऊर्जा के साथ कार्य करने प्रेरित करता है। साथ ही इस अवसर पर खेमचंद साहू, अजोधराम कुलेश्वर संरपच, हुमन निर्मलकर, रामसूरत साहू, राजाराम साहू, चन्द्रकुमार ग्राम पटेल एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अन्नदाताओं से छल कर रही है प्रदेश सरकार, खाद के लिए भटक रहे है किसान - कमलजीत पिन्टू



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत पिन्टू ने जारी एक बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सुशासन की बात करते हैं पर इस खेती के सीजन में चारो ओर कुशासन नजर आ रहा है। देश की भूख मिटाने वाले किसान इस कुशासन में बेहद परेशान हैं। सोसाइटियों में खाद नहीं मिल रहा। किसान रोज सोसाइटियों में लंबी लाइन लगाकर खाद के लिए इंतजार करने मजबूर हैं। डीएपी से लेकर अन्य खाद का संकट बना हुआ है। किसान खेती का कार्य शुरू कर चुके हैं पर खाद के बगैर अटक से गए हैं। आगे कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है और राज्य में भी। भाजपा नेता कहते हैं कि यहां डबल इंजन की सरकार है पर हालात देखने से लगता है कि डबल इंजन से तो अब बदहाली का धुआं निकलने लगा है, इसे जनता देख रही है। सोसाइटियों में पर्याप्त खाद-बीज की व्यवस्था नहीं की जाएगी तो आने वाले समय में वे किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ी तो सड़क पर भी उतरेंगे।

कांग्रेस नेता ने कहा उनके पास रोज जिले के किसान पहुंच रहे हैं और बता रहे हैं कि खाद नहीं मिल रहा। किसान तो यह भी कहने लगे हैं कि कांग्रेस राज में यह समस्या नहीं थी बल्कि कर्ज माफी सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से राहत पहुंचाई जा रही थी पर वर्तमान में हालत देखकर लगता है कि भाजपा को किसानों के दुख, दर्द से कोई वास्ता नहीं है।

## अनमोल दावा

> **जीवन में कुछ भी कठिन नहीं है, बस विचार सकारात्मक होने चाहिए, जीवन का आनंद अवश्य लिया जा सकता है।**

# जस्टिस यशवंत वर्मा हाजिर हों!

वारेन हेस्टिंग्स के खिलाफ महाभियोग (1788-1795) की बहस में सांसद और वकील एडमंड बर्क ने कहा था- सत्य, न्याय और इंसाफ के लिए कानून के मार्ग पर जो राष्ट्र चलता है, वही महान है। बेहद गंभीर आरोपों और पर्याप्त साक्ष्यों के बावजूद ब्रिटिश संसद ने हेस्टिंग्स को बेकसूर माना और कंपनी ने उन्हें 4,000 पौंड सालाना पेंशन भी दी। शायद सत्ता अपने लाडले सपूतों के बचाव में ऐसे ही न्याय के नाटक-नौटंकी करती रही है।

14 मार्च, 2025 को दिल्ली के एक बंगले के स्टोर रूम में आधी रात आग लगने से धुंआ उठने लगा। आग में जलते नोटों के ताप से कांच की बोतलें टूटने और शराब बहने से आग और भड़क उठी। आग में शराब ने घी से भी अधिक खतरनाक काम किया। बंगला दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को आवंटित था।

दमकल, पुलिस आई, आग बुझाई, वीडियो बनाई और जले-अधजले या बचे करोड़ों रुपये और शराब की बोतलों को यूं का यूं छोड़ चली गई। कोई पंचनामा (एफआइआर) या बरामदगी नहीं की गई। घटना के समय जस्टिस वर्मा और उनकी पत्नी भोपाल में थे। अगले दिन आए तो घटनास्थल पर शेष-अशेष कुछ न था। विश्वासपात्र सचिव और अन्य सेवकों ने सब साफ-सफाई कर दी। मीडिया में हफ्ते भर तक कोई खबर नहीं।

कैश कांड की जानकारी गोपनीयता और संवेदनशीलता के घूंघट में उच्चाधिकारियों, न्यायाधीशों के बीच घूमती रही। अदालत के गलियारों में धुंआ, धूल और धुंध...खामोशी का षड्यंत्र गहराता रहा, अटकलों का बाजार गर्माता गया। कुछ पत्रकारों ने पर्दा हटाना शुरू किया तो पहले जज साहब को न्यायिक कार्य न करने के निर्देश और फिर इलाहाबाद वापस जाने के आदेश जारी हुए। कैश कांड की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई।

समिति की रिपोर्ट आने के बाद सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा पर महाभियोग चलाने की सिफारिश करके गेंद संसद के पाले में लुढ़का दी और खुद सेवानिवृत्त हो गए। न्यायपालिका की प्रतिष्ठा बचाने के लिए अधिकांश दस्तावेज (जांच रिपोर्ट के अलावा) सार्वजनिक करने पड़े। न जाने कैसे जांच रिपोर्ट बाद में लीक हो गई। जांच समिति में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अनु शिवरमन शामिल थे।

फिलहाल महाभियोग की पेचीदा प्रक्रिया चलाने या न चलाने के मुद्दे पर वाद-विवाद, सहमति-असहमति की राजनीति के इर्द-गिर्द ही वरिष्ठ वकीलों द्वारा सार्वजनिक रूप से कानूनी तर्क-वितर्क रचे जा रहे हैं। कानून मंत्री सभी दलों के बीच आम सहमति बनाने में प्रयासरत हैं। एक ओर न्यायपालिका में आमजन की आस्था बचाए रखने के लिए और संसद को इस मामले पर बहस करने, वोट देने और अभियोग सिद्ध करने की दुस्साध्य जटिलता से बचाने के लिए यह सलाह दी जा रही कि जस्टिस वर्मा इस्तीफा दे दें, ताकि न्यायपालिका और संसद का धर्मसंकट से बचाव हो सके। दूसरी ओर उपलब्ध तथ्यों पर गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। सांसदों में वकील और वकीलों में सांसद के रूप में जाने-पहचाने चेहरे रोज नया रास्ता तलाश-तराश रहे हैं।

कुछ विद्वानों का तो यहां तक कहना है कि यह भ्रष्टाचार का मामला ही नहीं, पर यथार्थ यह भी है कि न्याय मंदिरों के विशाल प्रांगण में भी भ्रष्टाचार के विष-वृक्ष अप्रत्याशित रूप से फलते-फूलते रहे हैं। यौन शोषण से लेकर आर्थिक धांधली तक के आरोपों में अकसर लीपापोती होती रही और अधिक हुआ तो न्यायाधीशों से इस्तीफा लेकर बाइज्जत मुक्त कर दिया गया। विचारणीय है कि कूड़े को कालीन तले छिपा कर न्यायिक संस्थाओं की छवि को कब तक विश्वसनीय रखा जा सकता है?

इस्तीफा के बारे में सोचते ही न्यायाधीश शामित मुखर्जी सामने आ खड़े होते हैं, जिन पर आपराधिक मामला अभी तक लंबित है। इससे इन्कार नहीं कि शायद कोई न कोई दल जस्टिस वर्मा को भी वैसे ही बचा ले, जैसे कांग्रेस ने वाकआउट करके जस्टिस रामास्वामी को बचाया था। कांग्रेस जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग कर रही है। राजनीति के अपराधीकरण के मौजूदा दौर में अनुमान लगाना मुश्किल है कि अंतिम क्षणों में क्या फैसला लिया या नहीं लिया जाएगा।

संदेह और सवालों का घेरा बढ़ रहा है। यदि कथित करोड़ों रुपये वर्मा जी के नहीं थे तो किसके थे? अगर यह उनके विरुद्ध कोई षड्यंत्र है तो ऐसा कौन है, जो रकम और शराब स्टोर रूम में प्लांट कर-करा सकता है और इसके पीछे क्या मकसद हो सकता है? खुद न्यायाधीश महोदय ने कोई उचित कार्यवाही या शिकायत क्यों नहीं की? बिना किसी विरोध-प्रतिरोध वापस अपने घर (इलाहाबाद) कैसे चले गए? आज तक अग्निकांड में जला-अधजला एक भी नोट बरामद नहीं हुआ। क्या अस्थियां सत्ता के संगम में प्रवाहित कर दी गईं या व्यवस्था के किसी गंदे नाले में? कानून और न्याय व्यवस्था में आस्था बचाए रखने के लिए जांच तो करनी-करानी ही पड़ती है। इसे च्सत्यमेव जयतेज् कहो या च्यतो धर्मा स्ततो जयज!

जस्टिस वर्मा के विरुद्ध संसद के जुलाई सत्र में महाभियोग आ सकता है, पर इसमें अनेक च्किंतु-परंतुज् हैं। महाभियोग के लिए राज्यसभा के 50 या लोकसभा के सौ सांसदों का हस्ताक्षरित प्रस्ताव अनिवार्य है। जजेज्ज इंक्वायरी एक्ट, 1968 की धारा-3 के अनुसार संसदीय समिति को स्वतंत्र जांच करनी होगी, तीन न्यायाधीशों की जांच रिपोर्ट से काम नहीं चलेगा। महाभियोग प्रस्ताव दोनों सदनों में मौजूद सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से पास होना चाहिए।

# क्या हमेशा जवान दिखने का जुनून जिंदगी पर भारी पड़ रहा है?

**अनुराधा प्रसाद**



आठ अरब से अधिक आबादी वाली दुनिया में तीन तरह के लोग मिलेंगे एक, जो इस धरती पर अधिक दिनों तक जीना चाहते हैं। यहां की सुख-सुविधाओं को भोगने की ख्वाहिश रखते हैं और अपने काम के जरिए नाम कमाना चाहते हैं।दूसरे, ऐसे लोग भी कम नहीं हैं जो रोजमर्रा की भागदौड़ और चुनौतियों से परेशान होकर सोचते हैं कि काश इस जीवनचक्र से छुटकारा मिल जाए। तीसरे, जो जिंदगी के हर लम्हे को कायनात की अमानत मानते हुए धरती पर अपना किरदार निभाते हुए फना हो जाना चाहते हैं। ऐसे लोगों के लिए मौत जिंदगी का अंत नहीं पूर्णता है। लेकिन, एक बड़ा सच ये भी है कि ज्यादातर इंसान चाहते हैं कि वो इस धरती पर ज्यादा से ज्यादा दिनों तक जिंदा रहे, हमेशा के लिए अजर-अमर हो जाए।

### क्या मृत्यु को टालना संभव है?

ऐसे में डॉक्टर और वैज्ञानिक कुदरत के नियमों को लगातार चुनौती देने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। आधुनिक विज्ञान तेजी से उस दिशा में काम कर रहा है- जिसमें लोगों को मृत्यु के चक्र से छुटकारा दिलाया जा सके। मतलब, इंसान के जन्म की तारीख और समय तो तय होगा लेकिन, मृत्यु उसकी इच्छा पर निर्भर करेगी? एक सच ये भी है कि जेनेरेटिव एआई मौत, स्मृति और अमरत्व को नए तरीके से परिभाषित कर रहे हैं। ऐसे में आज समझने की कोशिश करेंगे कि ढ्ढद्वद्वशह्लह्वड्डद्यद्बह्ल4 यानी अमरत्व सिर्फ इंसान की कल्पना रही है या फिर मृत्यु को टालना संभव है? क्या भविष्य में विज्ञान इतनी तरक्की कर लेगा कि इंसान अपने भौतिक शरीर के अंत का समय खुद तय करेगा ? क्या बढ़ती उम्र के साथ होने वाली बड़ी बीमारियों को शरीर से दूर रखा जा सकेगा? तकनीक की मदद से एक इंसान की जिंदगी के कितने वर्ष बढ़ाए जा सकते हैं? एक इंसान के मरने के बाद उसके वर्चुअल जीवन का क्या होगा? किसी इंसान की मौत के बाद उसकी डिजिटल संपत्ति या जिंदगी का मालिक कौन होगा? आज ऐसे ही सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश करेंगे- अपने खास कार्यक्रम जिंदगी ना मिलेगी दोबारा में.

### अगले 25 साल में लोग मरेंगे नहीं

ब्रिटेन के एक मशहूर भविष्यवक्ता यानी स्नह्वह्लह्वह्म्शद्यशद्दद्बह्यह्ल है- डॉक्टर इयान पियर्सन। कुछ समय पहले डॉक्टर पियर्सन ने एक चौंकाने वाली भविष्यवाणी की। इनका आंकलन है कि अगले 25 साल में लोग मरेंगे नहीं। लोग अपना दिमाग कंप्यूटर या रोबोटिक शरीर में अपलोड कर अमर हो जाएंगे। इनके मुताबिक, कंप्यूटिंग, जेनेटिक इंजीनियरिंग और रोबोटिक्स में तेजी से हो रही तरक्की से ऐसा संभव होगा। इसी तरह अमेरिका के एक मशहूर कंप्यूटर साइंटिस्ट, कारोबारी, लेखक और भविष्यदृष्टा हैं- ऋद्ग4द्वशठ्ठस्र ्यह्वह्म्5द्ग2द्बद्य इनका दावा है कि 2030 तक यानी अगले पांच-छह वर्षों में इंसान अमर हो जाएगा। इनके दावों के सही साबित होने का ट्रैक-रिकॉर्ड बेहतर रहा है। कर्जबेल का दावा है कि एज-रिवर्सिंग नैनोबोट्स की मदद से इंसान अपनी कोशिकाओं को नष्ट होने से बचा सकेगा, इसे भी अमर होने का नाम दिया जा रहा है । सबसे पहले ये समझते हैं कि वैज्ञानिक और डॉक्टर किसी इंसान के अमर होने की सोच को किस तरह से देखते हैं?

### इंसान के शरीर में नैनो बोट्स सेट होंगे

दुनिया के जाने माने लेखक मैक्स टैगमार्क की एक किताब है- Life 3.0- Being Human in the age ओ़f ýræ÷tificial Intelligence इस किताब में टैगमार्क जीवन को तीन हिस्सों में बांटते है। पहला, बैक्टीरियल लाइफ जिसमें विकसित होते प्राणियों को रखते हैं । दूसरे हिस्से में विकसित इंसानों की बात करते हैं । तीसरे हिस्से में इंसान को बायोलॉजिकल से अधिक टेक्निकल बताते हैं । इसमें हम मशीनों को अपने शरीर के अंगों की तरह इस्तेमाल करेंगे। अभी इंसान जीवन के विकास के तीसरे चरण से गुजर रहा है । मसलन, अगर दिल काम नहीं कर रहा है- तो आर्टिफिशियल हार्ट यानी पेसमेकर के जरिए जिंदगी चल रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में इंसान के शरीर में ऐसे नैनो बोट्स सेट किए जा सकते हैं- जो शरीर को बुड्ढा बनाने वाली प्रक्रिया रोक दे या कुछ समय के लिए टाल दे?

### आबादी का बड़ा हिस्सा वर्चुअल वर्ल्ड में भी वजूद रखता है

अब मैं आपको थोड़ा फ्लैसबैक में लेकर चलती हूं । वो महीना जून का था और साल 2022 का होलोकास्ट कैंपेनर मरीना स्मिथ 87 साल की उम्र में इस दुनिया से चल बसी। ब्रिटेन के नॉटिंगघम में अंतिम संस्कार के लिए उनके परिवार के लोग और करीबी जुटे। इस मौके पर मरीना स्मिथ अपने खास अंदाज में परिवार और दोस्तों के साथ बातचीत करती दिखीं। अंतिम संस्कार में पहुंचे लोगों के लिए ये किसी चमत्कार से कम नहीं था। दरअसल, स्टोरीफाइल नाम की कंपनी ने AI तकनीक के जरिए मरीना स्मिथ को एक तरह से डिजिटली जिंदा कर दिया था यानी तकनीक इस कदर एडवांस होती जा रही है - जिसमें **Near & Dear** के दुनिया से चले जाने के बाद भी उनसे जुड़ाव महसूस करने का रास्ता निकाला जा रहा है। आज की तारीख में दुनिया की आबादी का बड़ा हिस्सा वर्चुअल वर्ल्ड में भी वजूद रखता है । ऐसे में सवाल उठता है कि एक इंसान के भौतिक शरीर के नष्ट होने के बाद उसकी वर्चुअल जिंदगी का क्या होगा ? उसके डिजिटल खातों का मालिक कौन होगा ? क्या भविष्य में डिजिटल खातों का जिक्र भी वसीयत में दिख सकता है?

### यादें भावनात्मक लगावों को मजबूत बनाती है

यादें अनमोल होती है। अतीत को वर्तमान से जोड़ती है भावनात्मक लगावों को मजबूत बनाती है। जिसकी गवाही करीब साढ़े चार हजार साल से खड़े मिस्र के पिरामिड देते हैं। फिरौन शासकों ने अपनी विरासत को संरक्षित करने के मकसद से पिरामिड बनवाए। भारत के नक्शे पर कई ऐसे विशालकाय मंदिर खड़े हैं, जो समाज की तरक्की में ध्वजवाहक की भूमिका में रहे। दिल्ली में हुमायूं का मकबरा हो या आगरा का ताजमहल अपने दौर में मुगलिया सल्तनत की शान-ओ-शौकत, मोहब्बत और शिल्पकला की अमर कहानी बयां कर रहे हैं।

इतिहास की इन धरोधरों से कहीं अधिक समृद्ध और समावेशी कहानियों को संजोने का मौका हर शख्स को डिजिटल वर्ल्ड ने दिया है। आज के डिजिटल वर्ल्ड में अनगिनत ऐसी हस्तियां और उनकी सोच हैं- जो उनके जाने के बाद भी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में इंसान की वर्चुअल जिंदगी की द्यशठ्ठद्दद्ग1द्बह्ल4 को लेकर भी नए सिरे से बहस शुरु हो गई है। विज्ञान और तकनीक की मदद से इंसान की औसत उम्र 20 साल 50 साल बढ़ सकती है लेकिन, एक इंसान के डिजिटली अमर होने के चांस अधिक हैं। लेकिन, क्या कभी आपके दिमाग में ये बात आई है कि अगर इंसान अमर हो जाएगा या फिर रुद्बद्धद्ग श्व3श्चद्गष्ह्लड्डठ्ठष्4 70 साल से बढ़कर 140 साल हो जाएगी तो क्या होगा ?

### जिंदगी को लंबी करने के लिए नए प्रयोग जारी है

ये सच है कि धरती पर ज्यादातर लोगों की सोच है कि ये जिंदगी ना मिलेगी दोबारा। ऐसे में जिंदगी को किस तरह जिया जाए कि खुशहाल और लंबी हो, इसे लेकर तरह-तरह के रास्ते निकाले जा रहे हैं। कुदरत के बनाए हांड - मांस के शरीर की कमियों को मशीनों के जरिए ठीक कर जिंदगी को लंबी करने के लिए नए-नए प्रयोग जारी है । कोशिकाओं में छिपे उन रहस्यों को भी खोजने की कोशिश हो रही है, जो किसी इंसान के शरीर को समय के साथ कमजोर यानी बुढ़ा बनाते हैं। ऐसे में **ýnti ýging** और Rever se ýging को लेकर दुनियाभर में नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। लेकिन, एक सच ये भी है कि उम्र को हराने की जंग, इंसान को जिंदगी से ही दूर करने लगी है। लोग जिंदगी के मर्म को ही भूलने लगे हैं कि जिंदगी लंबी नहीं, बड़ी होनी चाहिए। कुछ इसी तरह लोगों की डिजिटल जिंदगी ने भी कई नए सवाल पैदा कर दिए हैंज् पूछा जा रहा है कि क्या इंसान की मौत के साथ ही उसकी डिजिटल जिंदगी भी खत्म हो जाएगी या फिर विज्ञान इतना तरक्की कर लेगा कि लोग अपने Near & Dear को डिजिटली जिंदा रखने में खासी दिलचस्पी दिखाएंगे?

श्रीमद्भागवत गीता में कहा गया है कि इंसान का शरीर मरता है- आत्मा नहीं। इसलिए भारतीय परंपरा में इंसान की लंबी उम्र से अधिक अच्छे कर्मों पर जोर दिया गया है । बहुत हद तक संभव है कि आने वाले वर्षों में विज्ञान इतना तरक्की कर ले कि इंसान की मौजूदा उम्र दोगुनी हो जाए लेकिन, हमेशा के

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : मेरा स्वभाव ही ऐसा है कहने से बदतमीजी का अधिकार नहीं मिल जाता

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



जीवन में दैनिक व्यवहार में कई तरह के लोगों से सामना होता है। कुछ शांत और संयत रूप में अपनी बात रखते हैं, तो कुछ लोग बातचीत में आक्रामक होते हैं। तीसरे, ऐसे भी होते हैं जो बात-बात पर उद्दंडता और लोगों का अपमान करते हैं। इन्हें सीधे मुँह किसी से बात करना आता ही नहीं है। ऐसे लोग सामने वाले व्यक्ति की बात सुनने का धैर्य रखने के बदले अपने विचार लोगो पर उड़ेलते हैं। ऐसे लोग सही होने पर भी न तो कोई विरोधी विचार सुन सकते हैं और न सह सकते हैं।

इस तीसरे किस्म के लोग यह समझते हैं कि दुनिया में एकमात्र वहीं ज्ञानी हैं। वे दूसरों को अपने सामने तुच्छ समझते हैं। ऐसे लोग सामने वाले व्यक्ति का अकारण अपमान कर देते हैं।अगर बात बिगड़ गई या ऐसे लोग ज्यादा बोल गए तो यह कहकर अपना बचाव करने तथा सहानुभूति पाने की कोशिश करते हैं कि इस तरह से ठेठ (बदतमीजी से) बोलना उनका स्वभाव है। या तबियत ठीक नहीं होने के कारण वे ऐसा व्यवहार अनायास कर बैठते हैं।

ऐसे व्यक्तियों को अपनी गलती मानने और क्षमा माँगने की संभावना कम होती है। अतः उचित यही है कि ऐसे व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखा जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अप्रिय स्थिति न आए।अगर इन्होंने आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाई है तो शिष्ट भाषा में ऐसी बदतमीजी का विरोध आवश्यक है। अन्यथा ऐसे व्यक्ति की उद्डदंडता को खाद-पानी मिलता रहेगा। अगर शिष्ट विरोध करने के बाद भी मन की पीड़ा पूरी तरह दूर न हो, तो यह सोचें कि अब आगे इस व्यक्ति की मेरे जीवन में कोई अहमियत नहीं रहेगी, अतः आज से ही इस व्यक्ति की हर बात नजरंदाज करता हूँ। उस व्यक्ति को अपना मानना बंद कर दें और अपना सामान्य आनंदपूर्ण जीवन जीते रहें। ऐसे व्यक्तियों के बारे में सोचकर अपना बहुमूल्य वर्तमान खराब न करें।

(व्यक्त विचार और ध्वनित होने वाले समाधान हर व्यक्ति के लिए और हर परिस्थिति में समान रूप से लागू होंगे, ऐसा आवश्यक नहीं है।)

### शब्द सामर्थ्य -094

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 093 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| बा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| इ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | थि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

### सू- दोकू क्र.094

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.093का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## सामयिक चर्चा

### स्वाभाविक प्रश्न

बानी आज अखबार पढ़कर
खुश होकर बोले - ''गजाधर''
सुनिए हमारे नगर के लिए
एक अच्छी खबर -
शहर को व्यवस्थित करने,
यातायात व्यवस्था सुदृढ करने,
एवं सुगम आवगमन के लिए
कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर
मालूम गजाधर!
निगम के सभागृह में प्रशासन एवं
व्यापारियों की संयुक्त बैठक
आयोजित की गई।
बैठक में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा
अतिक्रमण हटाने सड़क दुर्घटना रोकने
जिलाधीश द्वारा पूर्व में जो बैठक ली गई थी
उसकी जानकारी दी गई।
तो किस्सा कोतः ये निर्णय हुआ
कि बाजार क्षेत्र में नहीं लगेंगे ठेले-पसरे,
अतिक्रमण मुक्त होगा फ्लाई ओव्हर।
मतलब हमारे राजनांदगांव में
यातायात व्यवस्था सुव्यवास्थित हो जाएगी
किसी को कोई शिकायत नहीं रहेगी।''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी! तो अब
गुड़ाखू लाइन में सड़क दिखने लगेगी?''



गिरीश बख्शी

## मानसून में बढ़ता है आंखों के संक्रमण का खतरा



मानसून में मौसम भले ही सुहावना हो जाता है, लेकिन इस दौरान कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। आपको कई मौसमी बीमारियां घेर लेती हैं। ऐसे तें हिर जाता है कि आपको सेहत का कुछ ज्यादा ही ख्याल रखने की जरूरत होती है।

वहीं, एक और दिक्कत बढ़ जाती है और वो है आंखों में इन्फेक्शन की समस्या। दरअसल, हवा में नमी और आसपास की गंदगी के कारण आंखों में इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। कई बार बारिश का पानी या गंदे हाथ को आंखों में लगाने से रेडनेस, जलन, खुजली या पानी आने जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। वायरल कंजंक्टिवाइटिस, एलर्जिक रिएक्शन और स्टाई जैसे इंफेक्शन इस मौसम में जल्दी फैलते हैं। खासकर तब, जब आसपास साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है। ऐसे में जरूरी है कि हम मानसून के दौरान अपनी आंखों की देखभाल जरूर करें।

**ऐसे करें आंखों की देखभाल :** मानसून में हाथों को साफ रखें। हाथों को सैनिटाइज करें। हो सके तो कुछ भी छूने पर हैंडवॉश जरूर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि हवा में नमी के कारण बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं। इससे इन्फेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है।

कोशशि करें कि हाथों को अपनी आंखों में न लगाएं। इससे भी इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही आंखों को मसलने से भी बचना चाहिए। इससे कॉर्निया डैमेज हो सकता है।

बारिश में जब भी बाहर निकलें तो चश्मा जरूर पहनें। इसके अलावा, स्विमिंग पूल में कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल न करें। पूल में पानी से बचाने वाला चश्मा पहनें। इससे आपकी आंखों को संक्रमण से बचाया जा सकता है।

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा रहेगा। नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे , सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, पारिवारिक रिश्तों में समरसता बनी रहेगी। सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्तियों को मान -सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। जो लोग प्रोपर्टी डीलिंग का काम करते हैं आज उनको अच्छा धन लाभ होगा। रिश्तों में सुधार होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आज आप अपने कर्तव्यों का अच्छे से पालन करेंगे। आज आपकी रूचि आध्यात्म में ज्यादा रहेगी, जिससे आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए मिला -जुला रहेगा। आज आपको ट्रांसपोर्ट के बिजनेस में धन लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में व्यस्तता बनी रहेगी, बच्चों से सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके पड़ोसी से रिश्ते बेहतर होंगे। आज आपके दोस्त आपसे मिलने आपके घर पर आ सकते है। आज आपकी नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बनती दिख रही है।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके हंसमुख स्वभाव के कारण आज आपके बहुत सारे काम बनेंगे। लोग आज आपकी तारीफ करेंगे, जिससे आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां होंगी, रिश्ते में नयापन आएगा। आज आप अपने भाई -बहनों के साथ बाहर खाना खाने जायेंगे।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए खास होगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टिकोण से बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख मिलेगा। आज का दिन आप जीवनसाथी के साथ खूब इंजॉय करेंगे। जो भी व्यक्ति बच्चों को लेकर किसी भी प्रकार की उलझन में है, आज आपको उससे छुटकारा मिलेगा। आज आपकी रुचि रचनात्मक कार्यों में ज्यादा रहेगी।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप अपने दोस्तों से मिलने के लिए उत्साहित बने रहेंगे। आज आप अपने काम को बेहतरीन तरीके से करेंगे, जिससे बॉस आपसे खुश होंगे। आपकी लाइफ में आज किसी व्यक्ति की इंट्री हो सकती है , जिससे मिलकर आपकी जिन्दगी में एक नयी बहार आ जाएगी।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, आज आप काम के चक्कर में पूरा दिन व्यस्त रहेंगे। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, बच्चों को घुमाने किसी पार्क ले जा सकते है। लवमेट के लिए आज का दिन खुशी देने वाला साबित होगा, आज आप लोग लंच पर जा सकते है।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते है, सफलता मिलेगी। छात्रों को आज किसी अच्छे स्कूल में प्रवेश मिलने की संभावना बन रही है। कला जगत की दुनिया से जुड़े हुए लोगों को आज बड़े सितारों से मिलने का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए मिला -जुला रहेगा। आज आपको सगे -सम्बन्धियों से शुभ समाचार प्राप्त होगा। आज आप किसी भी व्यक्ति को कर्ज देने से बचे, जिससे आप आर्थिक नुकसान से बचे रहे। आज आपको लंबे समय से चल रही किसी समस्या का समाधान होगा। छात्रों को आज किसी प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होंगे।

**मकर** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज आपको बढ़िया धन लाभ होगा। आज आपको किसी पारस्परिक परम्परा को निभाने का अवसर मिलेगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, बच्चों के साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते है। घर में किसी मेहमान का आगमन होगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा, आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। रिश्तों में चल रही अनबन में सुधार होगा , रिश्तों में मधुरता आएगी। आज आप किसी महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत कर सकते है, जिससे समाज में एक सकारात्मक बदलाव संभव है।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा, आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। रिश्तों में चल रही अनबन में सुधार होगा, रिश्तों में मधुरता आएगी। आज आप किसी महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिससे समाज में एक सकारात्मक बदलाव संभव है।

# वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस में पहुंचे मंत्री रामविचार नेताम

छुरिया (दावा)। आदिवासी ध्रुव गोड समाज तहसील इकाई छुरिया के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोड़वाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। विशाल शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। हजारों की संख्या मे अंचल के आदिवासी वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मुख्य अतिथि बतौर पहुंचे मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता एम.डी. ठाकुर अध्यक्ष केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ ने किए।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आदिवासी ध्रुव गोड समाज तहसील इकाई छुरिया के गढ़ मंडला कि रानी वीरांगना रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस को बड़े धूमधाम के साथ मनाए गए। सबसे पहले हजारों की संख्या में अपने पारंपरिक वेष भूषा के साथ अंचल के आदिवासी कार्यक्रम स्थल में पहुंचे। पूजा अर्चना के पश्चात एक विशाल शोभायात्रा में समाज प्रमुख लोग अगवाई कर रहे थे। मादर दल के नृत्य नगर की शोभा बढ़ा रही थी। रैली नए बस स्टैंड से वापिस पुराना बस स्टैंड के पास पहुंची। चिचोला छुरिया मोड के पास से गोड़वाना के युवकों ने मंत्री रामविचार नेताम का भव्य स्वागत किया तथा मोटर साइकिल रैली के साथ पुराना बस स्टैंड छुरिया पहुंचे जहां वीरांगना महारानी दुर्गावती कि विशाल प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शोभायात्रा में सम्मिलिति होकर रैली कि शोभा बढ़ाए। रैली कार्यक्रम स्थल तक पहुंची और अथितियो का स्वागत पुष्प हार, पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर किया गया। स्वागत भाषण एवं मांग पत्र तहसील अध्यक्ष शेर सिंग परतेती जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें समाज के प्रमुख मांग बालिकाओं कि पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, बालकों का प्री मीट्रिक छात्रावास का सीट 20 से 50 करने तथा तथा सामाजिक भवन के लिए मांग प्रमुखता से किया रखा गया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे एम.डी. ठाकुर ने गोड़वाना के गाथा तथा वीरांगना महारानी दुर्गावती की शौर्य एवं पराक्रम को विस्तार से बताए। मुख्य अतिथि रामविचार नेताम आ. जा. वि.अ.जा. वि. पी. वर्ग अ.स.वि. एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने रानी दुर्गावती को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि रानी दुर्गावती 16 वीं शताब्दी की एक महान शासिका थी, मुगल बादशाह के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ी मुगल बाद शाह ने गढ़ मंडला में रानी दुर्गावती के राज्य में एक बार आक्रमण नहीं किए बल्कि चालीस बार आक्रमण किए। रानी ने हर एक आक्रमण का पूरे साहस और शौर्य के साथ मुगल बादशाह को जवाब दिए और हरा दिए। अंत में 24 जून 1564 को मुगलों से युद्ध करते करते एक तीर उनके हाथ में लगी उसे निकला तो दूसरे तीर दूसरी हाथ में लगी उसी समय एक तीर उनके आंख पर और दूसरे तीर उनके गले पर लगी उस समय खून से लथपथ



- अनुसूचित जन जाति पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास की घोषणा
- अनुसूचित जनजाति प्री मीट्रिक 20 सीट को बढ़ाकर किए 50 सीटर
- आदिवासी ध्रुव गोड समाज के भवन के लिए दिए 50 लाख
- नगर भ्रमण के समय आदिवासी नृत्य रहा आकर्षक

रानी के पास आत्म समर्पण के सिवा कुछ नहीं था, लेकिन स्वाभिमानी रानी ने कहा कि मैं जीते जी अपने शरीर को मुगलों को नहीं सौंप सकती उसने अपने सेनापति से कहा मुझे मार दो। सेनापति ने कहा रानी हम आपके नमक खाए हैं आपको मार नहीं सकते उसी समय रानी ने अपने तलवार से अपने आपको समाप्त कर ली, और शहीद हो गई। ऐसे वीरांगना रानी जिन्होंने अपने राज्य की रक्षा करते हुए अपनी बलिदान दे दी, उनको मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। कोई भी राजा जब राज करता है तो उसके राज्य में एक जात एक धर्म के लोग नहीं होते उस राज्य सभी जाति धर्म के लोग रहते हैं और राजा को वीरांगना रानी दुर्गावती की तरह सबके साथ सामान न्याय करनी चाहिए, वही सच्ची शासक है। उसके राज्य सामान्य लोग भी सुख शांति से जीवन व्यतीत करते थे। उनके राज्य में गरीब, किसान व्यापारी सब लोग खुशहाल जिंदगी जी रहे थे तभी उसके राज्य में सोने की सिक्का चला करते थे। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक होकर आगे आने कि जरूरत है आज की लड़ाई तलवार से नहीं लड़ी जा सकती शिक्षा से लड़ना है, शिक्षा से ही हर समस्या का निदान है। आज सरकार रहने का खाने का सब प्रकार से व्यवस्था की जा रही है, लेकिन हमको स्वावलंबी बनना होगा अपने बच्चों को उस लायक बनाओ कि किसी पर निर्भर न हो। समाज में देश में अच्छे कार्य करोगे तो इतिहास लिखी जाएगी, किसी की प्रतिष्ठा दूसरे के बनाने से नहीं बनती खुद को बनाना पड़ता है, आने वाला समय चुनौतियों का समय होगा। सुविधा पर सुविधा पर निर्भर मत रहो, सुविधा ज्यादा दिन तक नहीं चलती।

उन्होंने समाज की प्रमुख मांग आदिवासी कन्या पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की घोषणा की। प्री मीट्रिक बालक छात्रावास की सीट 20 से बढ़ाकर 50 सीट किए तथा उन्होंने कहा कि समाज के पास भवन होता तो आज भरे बरसात में यहां बैठने कि नौबत नहीं आती समाज कि जो प्रमुख मांग है सामाजिक भवन का उसके लिए 50 लाख कि घोषणा मंच से किए। कार्यक्रम के दौरान इन्द्रदेव भी बीच-बीच में पानी गिराते रहे। भरी बरसात में लोग भीगते हुए मुख्य अतिथि रामविचार नेताम को सुनते रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ठ नीलकंठ गढ़े महासचिव धमधागढ़, विष्णुदेव ठाकुर प्रवक्ता धमधागढ़, मदन नेताम अध्यक्ष ओडारबांध, राजेश्वर ध्रुव संचालक ओडार बांध, संतोष पड़ौती अध्यक्ष डोंगरगढ़, किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत, संजय सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत, दिनेश गांधी,अनीता मंडावी जिला पंचायत सदस्य, बीरम बाई मंडावी जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोड़पे जिला पंचायत सदस्य, अजय पटेल नगर पंचायत अध्यक्ष, चंद्रिका प्रसाद डड़सेना उपाध्यक्ष जिला भाजपा, कामता प्रसाद साहू मंडल अध्यक्ष छुरिया, खिलेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष गैंदाटोला, भूषण नेताम उपाध्यक्ष नगर पंचायत, प्रशांत ठाकुर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, बालमुकुंद कुंजाम जनपद सदस्य, उभेराम मंडावी जनपद सदस्य, लक्ष्मी मंडावी, पिंकी देव पंद्रो जनपद सदस्य, भान बाई मंडावी, अंजली गावड़े, रोमी भाटिया, राधेश्याम शर्मा, शेखर भारद्वाज भाजपा नेता मयाराम मंडलोई, मदन खुड़श्याम, मोहन कोमरे, अन्नू कोमरे आदि लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समाज प्रमुख एम.डी. ठाकुर, विष्णु देव ठाकुर, शेर सिंह परतेती, उद्धव ठाकुर, मोहन कोमरे खेलन सिंह ठाकुर संतोष पड़ौती आदि के द्वारा मुख्य अतिथि रामविचार नेताम को मोमेंटो भेंटकर सम्मान किए।

इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष रघुवीर सेवता, टी.आर. पंद्रे, गेंदलाल मंडावी, दयालाल कौशल, रामसाय उईके, चंद्रभान हरदेव, झाड़ूराम ठाकुर, चंद्रशेखर मंडलोई तथा समाज प्रमुख मोचीराम ठाकुर, शेर सिंग परतेती बख्शी कतलाम पतराखन पड़ौती झाड़ू राम ठाकुर मोतीलाल मंडावी, धनुष मंडावी, सुमित्रा ध्रुवे, देवकुवर सलाम, राजेश मंडावी, झाड़ूराम ठाकुर, ढाल सिंह मंडावी, खेलन सिंग मंडावी, बसंत मंडावी, गेंदलाल मंडावी, गोविंद मंडावी, दिलीप नेताम, देशराम कोर्राम, बालमुकुंद कुंजाम, एन.आर. सूर्यवंशी, गुमान मंडावी, कमलेश पड़ौती, राजेश नेताम आदि लगभग 10 हजार आदिवासी अपनी पारंपरिक वेशभूषा के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वर ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन मोहन कोमरे ने किया। उक्त जानकारी उद्धव ठाकुर एवं नाथु सूर्यवंशी ने दी।

## पहला कॉलम...

### जिला स्तर पर 'मन की बात' कार्यक्रम का भव्य आयोजन



मोहला (दावा)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 29 जून को जिले भर में उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न गांवों, शहरों और मंडलों में कार्यकर्ताओं, नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से रेडियो, टीवी एवं मोबाइल के माध्यम से इस कार्यक्रम को सुना।

कार्यक्रम को सफल और जन-जन तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के सोशल मीडिया टीम व जिला पदाधिकारियों की उल्लेखनीय भूमिका रही। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यक्रम के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत विभिन्न डिजिटल माध्यमों का प्रयोग कर जिले के कार्यकर्ताओं व आमजन को जोड़ने का कार्य उन्होंने प्रभावशाली ढंग से किया।

योगेन्द्र सिंगने जिला भाजपा शोसल मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी का मन की बात न केवल प्रेरणा देने वाला कार्यक्रम है, बल्कि यह देश की आत्मा से संवाद है। यह हम सबको सकारात्मकता, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है।

प्रधानमंत्री जी की मन की बातें हमें आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। मन की बात जन-जन के मन से जुड़ने का माध्यम बन चुका है। 'मन की बात' अब केवल कार्यक्रम नहीं, एक जनआंदोलन है जो हर नागरिक को देश निर्माण से जोड़ता है।

जिला नेतृत्व, मंडल प्रभारी, कार्यकर्ता व युवा वर्ग ने इस प्रसारण को गंभीरता से सुना और प्रधानमंत्री के विचारों से प्रभावित होते हुए संकल्प लिया कि वे समाज और राष्ट्रहित के लिए कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर चाय चौपाल, युवा संवाद, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिससे मन की बात को एक जन-आंदोलन का स्वरूप मिला।

### आज खुर्शीपार एवं कसारी रुवातला सोसायटी का घेराव करेंगे कांग्रेसी

डोंगरगढ़ (दावा)। किसानों को डी ए पी एवं अन्य खाद दिलाने कांग्रेस कार्यकर्ता 30 जून को खुर्शीपार एवं कसारी रुवातला सोसायटी का घेराव करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार 30 जून को खुर्शीपार सोसायटी का घेराव 11.30 बजे एवं कसारी रुवातला सोसायटी का घेराव 1 बजे किया जाएगा।प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज एवं ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा द्वारा बताया गया कि,छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार धरती के भगवान किसानों के साथ धोखा कर रही है।

सोसाइटी में खाद बीज वितरण करते तीन माह हो गए फिर भी किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं करा पाने किसानों के साथ धोखा कर रही है। जिसका विरोध करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अहवान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर सोसायटी घेराव किसानों को डी ए पी एवं अन्य खाद दिलाने उनकी समस्या जानने का कार्यक्रम बनाया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, प्रभारी महेंद्र यादव, पूर्व मंत्री धनेश पाटीला , पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान जी , किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन साहू , डोगरगढ़ जनपद पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष जयचंद ठाकुर,पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,पुष्पा वर्मा, आशा मंडावी,नेतराम साहू, चुम्मन साहू, शिशुपाल भारती, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू ,फत्तू वर्मा, पल्टू लहरे, फिरंगी पटेल ,जोन प्रभारी पंचराम चंदेल, गौकरण कोसले ,बनऊ राम जोशी, कार्तिक नंदेश्वर, जनपद सदस्य मंजू नरेंद्र वर्मा, महेश सेन, मनहरण सिन्हा, प्रीति वैष्णव, गुलशन लिल्हारे , उर्वशी लोकेश वर्मा, अहिल्या परमेश्वर कंवर, सेक्टर प्रभारी सामसाय टांडेकर, दिनेतु प्रकाश जांगड़े, लालाराम वर्मा, योधनदास साहू, होमदत्त वर्मा, मोतीराम वर्मा, श्यामसुंदर हठिले, रमेश उईके एवं सरपंच, उपसरपंच, जिला, ब्लॉक, जोन, सेक्टर, बूथ के नेता एवं कार्यकर्ता गण और किसान साथी उपस्थित रहेंगे ।

## हर चाल सोच-समझकर चलनी होती है, यही सिखाता है शतरंज- मनराखन देवांगन

खैरागढ़ (दावा)। विवेकानंद पब्लिक स्कूल, खैरागढ़ के प्रांगण में रविवार को केसीजी जिला बालक-बालिका, सीनियर पुरुष-महिला जिला शतरंज चैम्पियनशिप 2025 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे उद्घाटन के साथ शुरू हुई प्रतियोगिता में 10.30 बजे से मुकाबलों का रोमांच शुरू हुआ, जो शाम 4.30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह के साथ प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा किया गया, जो छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त है। इस आयोजन में विवेकानंद पब्लिक स्कूल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर जिले के विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और धैर्य का परिचय देते हुए भाग लिया। आयोजकों ने साफ तौर पर बताया कि केवल केसीजी जिले के मूल निवासी ही भाग ले सकते हैं, जिसके लिए आधार कार्ड अनिवार्य था।



जिला स्तरीय चैंपियनशीप शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन

### पांच राउंड में संपन्न हुए चैंपियन सीप शतरंज प्रतियोगिता

प्रतिभागियों ने पांच राउंड के मुकाबलों में,अपनी चालों की बुनावट से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क मात्र 100 रुपये रखा गया था, ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ी भाग ले सकें।। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी छत्तीसगढ़ राज्य चैम्पियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो आगामी 3 से 6 जुलाई और 17 से 20 जुलाई को भिलाई में आयोजित होगी। जिला चैंपियन सीप शतरंज प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, विशिष्ट अतिथि जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह, जिला पत्रकार संघ के सदस्य निलेश यादव रहे ।

मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने विजेताओं का उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में खेल के प्रति लगन और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। शतरंज दिमाग को तेज बनाता है और समस्या सुलझाने की क्षमता को निखारता है। हर चाल सोच-समझकर चलनी होती है, जिससे धैर्य विकसित होता है। खेल के नियम चालें और योजनाएँ याद रखनी होती हैं, जिससे मेमोरी तेज होती है। बोर्ड पर ध्यान केंद्रित रखने की आदत जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी काम आती है। शतरंज में आगे की कई चालों को सोचने की आदत जीवन में भी दूरदर्शिता सिखाती है। जीत की अनुभूति और सीखने की प्रक्रिया बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास को मजबूत बनाती है। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद भी दिया।

कार्यक्रम में जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उपाध्यक्ष यतेंद्र जीत सिंह छोटू, सचिव राकी देवांगन, कोषाध्यक्ष शेख जाहिद, , निर्णायक अनिल शर्मा दुर्ग, सह-निर्णायक सुरेश होता दुर्ग सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं स्कूल शिक्षक भी उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं आभार अनुराग शांति तुरे ने किया।

चैंपियंस की सूची वरिष्ठ पुरुष वर्ग प्रथम अभिषेक वर्मा, द्वितीय गीतव्य तुरे, तृतीय पंकज वर्मा, चतुर्थ आकाश गिरधर भगत, वरिष्ठ महिला वर्ग प्रथम टिंकल टांडेकर अंडर-15 बालक वर्ग, प्रथम अरव यदु, द्वितीय जय जंघेल तृतीय रुशील तुरे, चतुर्थ हेयास देवांगन, अंडर-15 बालिका वर्ग, प्रथम भाग्यश्री वर्मा, द्वितीय वर्णिका सिंह, तृतीय डॉली सिंह ठाकुर स्थान पर रही। प्रतियोगिता में भाग लिए अन्य प्रतिभागियों को भी मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने किया जंबो कार्यकारिणी का गठन



### पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता को मिली मंडल में जगह

गंडई पंडरिया (दावा)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष केसीजी भाजपा विशेषर साहू के अनुशंसा में मंडल भाजपा गंडई के कार्यकारिणी घोषित की गई है ।जिसमें राकेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष, रवि भावनानी उपाध्यक्ष, दूजे राम वर्मा उपाध्यक्ष, नेमबाई निर्मलकर उपाध्यक्ष, कमलेश जंघेल उपाध्यक्ष ,लीला राम साहू महामंत्री, रजेलाल पटेल महामंत्री,मनीषा चतुर्वेदी मंत्री, ममता मनीष सोनी मंत्री, रूखमणी साहू मंत्री, सुखी पटेल मंत्री, राकेश जायसवाल को कोषाध्यक्ष के पद पर मंडल में जवाबदारी दी गई है। उसी प्रकार मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भी अपनी मंडल के कार्यकारिणी का विस्तार किया है।

जिसमें भानुप्रताप साहू को युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। उसी प्रकार तसील पटेल को किसान मोर्चा का अध्यक्ष, लेखराम साहू को पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष, अंजली देवांगन को महिला मोर्चा अध्यक्ष, राकेश टंडन को अनुसूचितजाति मोर्चा अध्यक्ष, कार्तिक मरकाम को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। उसी प्रकार मंगल चंद जैन को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनित कर जिम्मेदारी दी गई है।

वही मंडल कार्यकारिणी सदस्यों की सूची में 26 कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची में भी 27 नाम का उल्लेख है इसी प्रकार विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची में 46 कार्यकर्ताओं को मंडल में जगह मिली है, यह सभी मनोनीत पदाधिकारी कार्यकर्ता भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता है और संगठन के हर कार्यक्रम में शामिल होते हैं। पदाधिकारी मनोनीत होने के बाद मंडल भाजपा को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल हैं।

## जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने गुण्डरदेही में बोर खनन का किया पूजन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। आज विकासखंड अंबागढ़ चौकी के जनपद क्षेत्र के अंतर्गत हेतु ग्राम पंचायत गुण्डरदेही में बोर खनन का विधि-विधान से विधिवत पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप मेश्राम जनपद सदस्य, सरपंच रवि नेताम, मगेश गौर, मदन कौशिक अरुण साहू, मिनेश्वरी साहू कैलाश सिंहा, फुलकुंवर माड़वी, रामसागर साहू, आनंद भुआर्य, विष्णु साहू, भोलू साहू, लोकेश चौधरी, गोकुल सिंह, अमरचंद साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नवीन एवं पुराने आचार्यो का प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

- 39 आचार्य दीदी, 9 पुरुष आचार्य सहित कुल 48 लोग सम्मिलित हुए



खैरागढ़ (दावा)। वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव के संकुल खैरागढ़-छुईखदान, डोंगरगढ़ से नवीन एवं पुराने आचार्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थान सरस्वती शिशु मंदिर उच्च.मा.विद्यालय खैरागढ़ जिला केसीजे में प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुआ जिसमें 39 आचार्य दीदी, 9 पुरूष आचार्य सहित कुल 48 लोग इस वर्ग में सम्मिलित हुये कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि खम्हन ताम्रकार (जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जिला केसीजे) अध्यक्षता दिनेश वर्मा जी (जिला पंचायत सदस्य,खैरागढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष) मुख्य वक्ता राजू लाल यादव (संघ के जिला मुख्य मार्ग प्रमुख) विशिष्ट अतिथि गोरेलाल वर्मा (पांडादाह मंडल अध्यक्ष भाजपा)थे।

मुख्य अतिथि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि आज जिस तरह अपने संस्कृति को बचाने की चुनौती है, इस समय आप सबने चुनौती को अवसर में बदलने के लिए वनांचल क्षेत्रों में कार्य करने के लिए आपने कदम उठाया है। वह सराहनीय है,आपके माध्यम से ही समाज में परिवर्तन होगा और हमारा भारत जल्द ही विश्वगुरु बनेगा।

मुख्य वक्ता राजूलाल यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे महापुरुष लोगों का आजादी में किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका रहा है,उसी प्रकार आज हमारी भूमिका समाज को शिक्षित करने में रहना चाहिए स्वास्थ्य के लेकर लोगों को सजक रहने की आवश्यकता है,संस्कार शिक्षा की बहुत आवश्यकता है,जो इस सरस्वती शिक्षा केन्द्र के माध्यम से आपके द्वारा होगा।

रात्रि में भारत माता की आरती में राजेश मिश्रा (श्रीजी कालोनाइजर, एवं समाजसेवी) निक्कू श्रीवास (धर्मजागरण नगर संयोजक) उपस्थित रहे। इस वर्ग में प्रातः 4.30 जागरण से रात्रि 10 बजे तक विभिन्न कालखंड होना है। जिसमें प्रार्थना, शारीरिक खेलकूद, गीत, कहानी, बौद्धिक विकास जैसे विषय रहेंगे।

सरस्वती शिक्षा केंद्र वनवासी क्षेत्र के बच्चों को निः शुल्क कला संस्कृति खेलकूद व शैक्षणिक विकास के लिए केंद्र संचालित की जाती है। इसमें गांव के युवक युवतियां आचार्य के रूप में अपना सेवा देते है। इस वर्ग में श्रीराम यादव (जिला समन्वयक राजनांदगांव,केसीजी), रोशन जंघेल (संकुल समन्वयक छुईखदान), खेमन वर्मा (संकुल समन्वयक खैरागढ़), रितेश सिन्हा (संकुल समन्वयक डोंगरगढ़) सहित आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

## शासकीय प्रा. एवं मा. शाला मटेवा में प्रवेश उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न





मोहला (दावा)। जिला मोहला-मांनपुर-अंबागढ़ चौकी के विकासखंड मोहला अंतर्गत 25 जून 2025 को शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, मटेवा में प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती संगीता शर्मा द्वारा क्लास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देता है। इसके साथ ही, सभी बच्चों को गणवेश वितरित किए गए और एमडीएम समूह की ओर से बच्चों को खीर-पूरी का विशेष भोजन कराया गया।

प्राथमिक शाला कक्षा 1 के बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर एवं प्रधान पाठिका द्वारा उपहार भेंट कर किया गया। इस आयोजन में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक, सभी शिक्षक, एसएमसी अध्यक्ष बेदलाल मंड़ावी, पालकगण और मटेवा संकुल के सीएसी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम ने बच्चों और अभिभावकों में विशेष उत्साह का संचार किया और एक नई शैक्षणिक सत्र की सकारात्मक शुरुआत का प्रतीक बना।

# पहला कॉलम...

## 6 साल के बच्चे से मिली 18 करोड़ रुपये की ड्रग्स

नई दिल्ली। मॉरीशस में ड्रग्स बरामदगी के मामले में एक 6 साल के ब्रिटिश लड़के को हिरासत में लिया गया। आरोप है कि उसके सूटकेस में 14 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बच्चे को रविवार को सर शिवसागर रामगुलाम हवाई अड्डे पर सात अन्य लोगों के साथ हिरासत में लिया गया।द टेलीग्राफ के मुताबिक, ये ग्रुप कथित तौर पर 161 किलोग्राम से ज्यादा गांजा ले जा रहा था, जिसकी कीमत 1.6 मिलियन पाउंड (लगभग 18.8 करोड़ रुपये) आंकी गई। इन लोगों ने गांजे को अपने सूटकेस के अंदर सामान में छिपाकर रखा हुआ था। हिरासत में लिए गए सभी लोग ब्रिटिश नागरिक थे, जिसमें ये बच्चा भी शामिल था। इसके सामान में क्लियर सिलोफन में लिपटे ड्रग्स के 24 पैकेट पाए गए।

## पाकिस्तान में कांपी धरती, जोरदार भूकंप के झटकों से दहशत में लोग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 5.2 मापी गई है। दो दिनों पहले भी पाकिस्तान में जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार की सुबह पाकिस्तान में 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस के अनुसार, भूकंप 03:54 बजे (भारतीय मानक समय) 150 किलोमीटर की गहराई पर आया।

## जुलाई में बदलेंगे आधार-पैन नियम व बैंक शुल्क

नई दिल्ली। जुलाई से कई महत्वपूर्ण वित्तीय बदलाव लागू होने वाले हैं, जिसका सीधा असर व्यक्तिगत करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की विस्तारित समय सीमा और एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क शामिल हैं। 1 जुलाई से नए पैन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा पेश किए गए इस नए नियम का उद्देश्य कर अनुपालन और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना है। अब तक पैन कार्ड बनवाने के लिए वैध पहचान पत्र और जन्म प्रमाण पत्र ही काफी थे। करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए सीबीडीटी ने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा भी बढ़ा दी है। नई समयसीमा 15 सितंबर है, जिससे वेतनभोगियों को मूल 31 जुलाई की कट-ऑफ से 46 दिन अतिरिक्त मिलेंगे। हालांकि, कर विशेषज्ञ आयकर पोर्टल पर अंतिम समय में तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए प्रक्रिया जल्दी शुरू करने की सलाह देते रहते हैं। इस बीच, एसबीआई कार्ड ने घोषणा की है कि वह 15 जुलाई से चुनिंदा प्रीमियम क्रेडिट कार्ड पर अपने कॉम्प्लीमेंट्री एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस को वापस ले लेगा। एसबीआई कार्ड एलीट, माइल्स एलीट और माइल्स प्राइम जैसे कार्ड अब 1 करोड़ रुपये का कवर नहीं देंगे।

## सितंबर पर आमने-सामने होंगे भारत और पाकिस्तान!

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट है कि एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने टूर्नामेंट का आयोजन करने का मन बना लिया है। सितंबर महीने में इस टूर्नामेंट का आगाज हो सकता है। संभावना जताई जा रही है कि भारत और पाकिस्तान दोनों देश इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकते हैं।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के चलते एशिया कप पर खतरा मंडराने लगा था। ऐसा माना जा रहा था कि भारत और पाकिस्तान अब क्रिकेट के मैदान पर एक साथ खेलते हुए नहीं दिखेंगे। हालांकि, एक रिपोर्ट आई है जिसमें कहा जा रहा है कि दोनों देशों के बीच क्रिकेट मैच संभव हो सकता है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, ACC एशिया कप 2025 के आयोजन का प्लान बना रहा है। इस योजना के मुताबिक तय समय यानी 10 सितंबर में शुरू करने की तैयारियां की जा रही हैं। इस टूर्नामेंट में छह देशों के हिस्सा लेने की संभावना है। साथ ही जुलाई के पहले सप्ताह में इसके कार्यक्रम की जानकारी सामने आ सकती है।

## वेस्टइंडीज के हेड कोच लगा जुर्माना

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम इन दिनों वेस्टइंडीज के दौरे पर है। दोनों टीमों क बीच बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रन से हराया। इस मैच में अंपायर्स के फैसले पर काफी सवाल उठ रहे हैं। वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज से लेकर हेड कोच डैरेन सैमी ने अंपायर्स की आलोचना की। चेज ने तो अंपायर्स पर कार्रवाई की मांग तक कर दी। डैरेन सैमी पर तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक के खिलाफ अपमानजनक कमेंट करने के लिए जुर्माना लगाया है। सैमी ने दूसरे दिन दो विवादास्पद फैसलों पर चिंता जताई थी। उन पर आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15त्न जुर्माना लगाया गया है। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान सैमी को संहिता के अनुच्छेद 2.7 का उल्लंघन करते हुए पाया गया।

# एफआईएच प्रो लीग : भारतीय हॉकी महिला टीम को चीन से भी मिली हार



नई दिल्ली। एफआईएच लीग में भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा है। टीम को अब चीन ने 3-0 से हरा दिया और इसी के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम का प्वाइंट्स टेबल में सबसे आखिरी स्थान पर रहना पक्का हो गया है। भारतीय टीम की एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में यह लगातार सातवीं हार है और उसके 15 मैचों में 10 अंक है। टीम 2024-25 एफआईएच प्रो लीग के अपने आखिरी मैच में फिर से चीन के खिलाफ खेलेगी।

भारतीय हॉकी टीम अगर अपने आखिरी मैच में चीन को हरा भी देता है तब भी वह 12 अंक तक ही पहुंचेगा। भारत ऐसे में 2025-26 सेशन में एफआईएच प्रो लीग के दूसरे स्तर स्नढ्ढ।नेशंस कप में रेलीगेट हो गया। इंग्लैंड 15 मैचों में 14 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। दूसरी तरफ जर्मनी को इंग्लैंड के खिलाफ 0-1 से हार का मुंह देखना पड़ा। वह भारत से प्वाइंट्स टेबल में एक स्थान ऊपर है।

भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाफ चेन यांग (21वें मिनट) और झांग यिंग (26वें मिनट) ने पेनाल्टी कॉर्नर से गोल किए, जबकि आनहुल यू (45वें मिनट) ने मैदानी गोल कर भारत के खिलाफ चीन को यादगार जीत दिलाई। भारत ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में चीन के सर्किल में पहुंच कर उसकी रक्षापंक्ति को कड़ी टक्कर दी। बलजीत कौर के पास तीसरे मिनट में मैच का पहला गोल करने का मौका था लेकिन उनका शॉट गोल-पोस्ट से बाहर चला गया। इसके एक मिनट बाद भारत को लगातार दो पेनाल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन दीपिका ने दोनों मौकों को जाया कर दिया।

अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता ने कुछ शानदार बचाव किए, जिसमें 13वें मिनट में गुओटिंग हाओ के रिवर्स हिट को रोकना भी शामिल था। पहले क्वार्टर के कुछ सेकंड शेष रहते चीन को दूसरा पेनाल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वे पुश को रोक नहीं पाए। चीन ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन उन मौकों का फायदा नहीं उठा पाए। चीन को इस क्वार्टर में जोरदार शुरुआत करने का एक और फायदा 21वें मिनट में मिला जब टीम ने भारतीय रक्षापंक्ति पर दबाव बनाकर एक और पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया। चेन यांग ने इसे गोल में बदलने को कोई गलती नहीं की।

भारतीय खिलाड़ियों ने तीसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनटों में लगातार हमलों के साथ दबदबा कायम किया लेकिन चीन के मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहे। चीन ने भारतीय रक्षापंक्ति में सुस्ती का फायदा उठाया और 45वें मिनट में आनहुल के मैदानी गोल से अपनी बढ़त को तिगुना कर दिया और अंत तक यह बढ़त कायम रही।

# छक्का मारने के बाद बल्लेबाज को आया हार्ट अटैक, मौत

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर एक दिल दहला देने वाला वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें एक क्रिकेट मैच के दौरान छक्का मारने के बाद बल्लेबाज की तुरंत मौत हो जाती है। यह वीडियो पंजाब के फिरोजपुर का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि बल्लेबाज ने एक गेंद पर सिक्स लगाया। इसके बाद वह पिच के बीच में अपने साथी के पास पहुंच जाता है। इसके बाद वह अपने घुटनों के बल वहीं, पिच पर बैठ जाता है और फिर गिर जाता है।



उसे बेहोश होता देख साथी खिलाड़ी उसकी मदद करता है। साथ ही अन्य खिलाड़ी भी उसके पास आते हैं और सीपीआर देने की कोशिश करते हैं। हालांकि, दिल का दौरा पड़ने से तुरंत उसकी मौत हो जाती है। मृतक की पहचान हरजीत सिंह के रूप में की जा रही है, जो फिरोजपुर के डीएवी स्कूल मैदान में क्रिकेट मैच खेल रहा था।

बता दें कि इससे पहले जून 2024 में मुंबई में भी ऐसी ही घटना हुई थी। यहां क्रिकेट मैच के दौरान 42 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान राम गणेश तेवर के रूप में हुई। जिसकी मौत भी सिक्स मारने के बाद हार्ट अटैक आया था। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। गौरतलब हो कि हाल के दिनों में देश में दिल का दौरा पड़ने से लोगों की मौत की कई घटनाएं सामने आई हैं। यहां तक ??कि 20 साल की उम्र के लोगों को भी दिल का दौरा पड़ रहा है, जिससे सभी को अपने स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए व्यापक जागरूकता पैदा हुई है।

# डेब्यू मैच में धमाका, 19 वर्षीय बल्लेबाज ने जावेद मियांदाद का 49 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा



जिम्बाब्वे बनाम दक्षिण अफ्रीका

नईदिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के 19 वर्षीय युवा बल्लेबाज लुहान ड्रे प्रिटोरियस ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में 153 रनों की पारी खेलकर इतिहास रच दिया. उन्होंने शनिवार, 28 जून को रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराते हुए टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 150 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए. लुहान ने क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की और पाकिस्तान के पूर्व स्टार जावेद मियांदाद द्वारा बनाए गए 49 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया. 19 साल और 93 दिन की उम्र वाले लुहान प्रीटोरियस ने 160 गेंदों पर 153 रनों की शानदार पारी खेली. जबकि पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने ये कारनामा 19 साल और 119 दिन की उम्र में अंजाम दिया था. जब उन्होंने 1976 में लाहौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए 163 रनों की पारी खेली थी.

इसके अलावा लुहान ड्रे प्रिटोरियस टेस्ट शतक बनाने वाले दक्षिण अफ्रीकी के सबसे कम उम्र खिलाड़ी बन गए है, और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में डेब्यू शतक बनाने वाले दुनिया के पांचवें सबसे कम उम्र खिलाड़ी हैं.

युवा बल्लेबाज की पारी काफी साहसी और शानदार रही है, क्योंकि वो उस समय बल्लेबाजी करने आए थे जब टीम दबाव में थी और दक्षिण अफ्रीका 23/3 और बाद में 55/4 पर संघर्ष कर रहा था. इसके बाद इस युवा खिलाड़ी ने ब्रेविस के साथ 5वें विकेट के लिए 88 गेंदों पर 95 रनों की साझेदारी की. ब्रेविस ने 38 गेंदों पर 51 रन बनाए, जिसमें चार छक्के शामिल थे और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट डेब्यू करने वाले खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.

प्रीटोरियस ने मैच के बाद कहा, जब मैं मैदान पर आया तो मैं घबराया हुआ था, हमें पता था कि उनके पास सिर्फ दो सीमर हैं, और हमने स्पिनरों को निशाना बनाया, मुझे बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है. आज यह कारगर रहा.

# जैवलिन किंग बना भारत का शेर, टॉप-3 से बाहर हुए अरशद नदीम



नईदिल्ली। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जैवलिन थ्रो की नई रैंकिंग जारी की है. जिसमें टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने एक बार से शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया हैं. नीरज ने पिछले साल 17 सितंबर को ग्रेनेडा को एंडरसन पीटर्स से शीर्ष स्थान खो दिया था. लेकिन जब उन्होंने ब्रुसेल्स में डायमंड लीग 2025 के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करके जीत हासिल की तो वो फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए है.

नई रैंकिंग में नीरज चोपड़ा का 1445 अंक हैं, जबकि एंडरसन पीटर्स 1431 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर हैं. वहीं जर्मन एथलीट जूलियन वेबर के 1407 अंक हैं और वो तीसरे नंबर पर हैं, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं. नंबर वन बनने के बाद गत चैंपियन नीरज का अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का झंडा गाड़ना होगा, जो इस साल सितंबर में टोक्यो में होने वाली है.

2025 का सीजन नीरज के लिए शानदार रहा है क्योंकि उन्होंने सीजन की शुरुआत 84.52 मीटर थ्रो करके स्वर्ण पदक जीतकर किया. फिर, उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो करके इतिहास रच दिया. जो उनका पहला 90 मीटर का थ्रो था, लेकिन वो उस टूर्नामेंट में जूलियन वेबर से पीछे रह गए थे. इसके बाद उन्होंने पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ वेबर को हराया. नीरज ने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में अपनी जीत की लय जारी रखी, जहां उन्होंने अपने पदार्पण पर ही 88.16 मीटर के थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता.

स्टार भारतीय एथलीट अब नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेंगे, जो 5 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाला है. इस टूर्नामेंट में एंडरसन पीटर्स, थॉमस रोहलर और जूलियस येगो जैसे शीर्ष एथलीट शामिल होंगे. वह वर्तमान में भाला फेंक के दिग्गज जेलेजनी के साथ भी काम कर रहे हैं, जो 27 वर्षीय नीरज के मुख्य कोच हैं. जेलेजनी फरवरी से नीरज के साथ काम कर रहे हैं.

# युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी और आयुष का शानदार प्रदर्शन



आयोवा। तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

यह तन्वी की यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा।

# टी20 विश्व कप खिताब का हुआ एक साल पूरे



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 29 जून 2024 का दिन काफी यादगार है क्योंकि एक साल पहले इसी दिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। भारत ने बारबाडोस में खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी जीतने के सूखे को समाप्त किया था और करोड़ों देशवासियों को खुश होने का मौका दिया था। रोहित की टीम ने बारबाडोस में तिरंगा लहराया था।

यह महज एक खिताबी जीत नहीं थी, ये भारतीय टीम के इसके करोड़ों प्रशंसकों के लिए एक यादगार जीत थी जिसे भुलाया नहीं जा सकता। 17 साल बाद भारत ने रोहित शर्मा की अगुआई में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। इस जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की आंखे नम हो गईं थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली को एक-दूसरे को गले लगाते देखा गया। इस दौरान दोनों भावुक नजर आए थे।

भारत ने दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 169 रन बना सकी थी।

# ज्योतिष चमत्कार ( 30 जून 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 54 | 62 | 74 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 56 | 64 | 76 | 82 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 68 | 78 | 84 | 92 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 86 | 96 | 04 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 98 | 06 | 14 |
| शनि | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 90 | 08 | 18 | 26 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 91 | 03 | 13 | 21 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 07 | 15 | 23 | 31 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 17 | 25 | 35 | 43 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 45 | 57 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 47 | 59 | 67 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 9 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 8 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 5 | 6 | 7 |
| स्पेशल | 14 | 25 | 36 | 07 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 53 | 64 | 79 | 80 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | 70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 34 | 62 | 21 | 02 | 23 | 24 |
| 11 | 89 | 40 | 76 | 44 | 75 |
| 07 | 42 | 48 | 33 | 72 | 34 |
| 53 | 81 | 81 | 48 | 31 | 64 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 76 | 14 | 10 | 13 | 21 |
| 89 | 87 | 16 | 47 | 46 |
| 07 | 10 | 52 | 60 | 13 |
| 41 | 45 | 18 | 29 | 04 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2024- 22-43-68-86

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 26-59-69-73-88

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**0 पुरी रथयात्रा में भगदड़ :...**

जिसने इस पवित्र उत्सव को प्रभावित किया है।

कानून मंत्री बोले-दोषियों को देंगे कड़ी सजा

इस हादसे पर राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन में मामले की उच्च स्तरीय जांच का ऐलान किया है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बक्शेंगे नहीं। बता दें कि जगन्नाथ पुरी की रथयात्रा का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। हर साल लाखों की संख्या में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के रथ को खींचते हैं।

**0 डीके शिवकुमार बनेंगे सीएम....**

सीएम सिद्दरमैया के बेटे और कांग्रेस के एमएलसी यतींद्र ने मुख्यमंत्री के बदले जाने की अटकलों को खारिज कर दिया था। इस पर हुसैन ने कहा है कि दिल्ली में जैसे पहले फैसला हुआ था, वैसे ही एक और फैसला होगा, बस इंतजार करना होगा।

इसके पहले सिद्दरमैया और शिवकुमार गुट के बीच नेतृत्व परिवर्तन को लेकर बड़े पैमाने पर बयानबाजी हुई थी। लेकिन आलाकमान के सख्त रुख के बाद इस पर कुछ हद तक लगाम लग गई थी। अब कांग्रेस ने डैमेज कंट्रोल के लिए रणदीप सुरजेवाला को दो दिन के लिए कर्नाटक भेजने का फैसला किया है। वह पार्टी के असंतुष्ट विधायकों से बात कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

**0 जीएसटी विभाग की बड़ी चूक ....**

संयुक्त आयुक्त राज्य कर बीआईयू मुख्यालय, संयुक्त आयुक्त राज्य कर नवा रायपुर गुलापा पुरसेठ को संयुक्त आयुक्त राज्य कर दुर्ग संभाग, संयुक्त आयुक्त राज्य कर दुर्ग संभाग भावना अली को संयुक्त आयुक्त राज्य कर नवा रायपुर भेजा गया है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

इसी तरह से तबादले से अलग-अलग जिलों में पदस्थ सत्या गुप्ता, सुरेश साहू, कांति ठाकुर, विभा राव, संजीव कुमार तारम, दीक्षा साहू, मुचकुंद पुरी, ज्योति नेताम, आशीष साहू, पावित्री कुमारी, बुटिया राम कोर्राम, जितेंद्र नेताम रोशनी घरत, मिथलेश पारकर,गजेंद्र तिवारी, अनिल जांगड़े, सतीश मेश्राम, एहतेशाम हुसैन,चंचल कुमार पैकरा, रवि कुमार, बबीता भुआर्य, अभय यादव, डेहरलाल साहू, रवि कुमार, दामोदर प्रसाद, शिव कुमार दीवान, अंजू खूंटे आदि अधिकारी प्रभावित हुए हैं।

**0 अब ट्रेन रवाना होने से 8 घंटे पहले.....**

बुकिंग क्षमता भी बढ़ जाएगी। अभी एक मिनट में 32 हजार टिकट बुक होता है। नई प्रणाली में डेढ़ लाख से ज्यादा टिकट बुक होने लगेंगे। पूछताछ की क्षमता भी बढ़ जाएगी। अभी प्रत्येक मिनट चार लाख पूछताछ की क्षमता है, जो बढ़कर 40 लाख तक पहुंच जाएगी।नई प्रणाली में कई अन्य सुविधाएं भी होंगी। आरक्षण फार्म अलग-अलग कई भारतीय भाषाओं में भी भरे जा सकते हैं। अपनी पसंद की सीट चुनने का भी विकल्प होगा। दिव्यांगजनों, छात्रों और मरीजों के लिए विशेष सुविधाएं होंगी। किराये का कैलेंडर होगा, जिससे पता चलेगा कि किस दिन किराया कितना है।

दलालों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल टिकट बुकिंग को अत्यधिक व्यावहारिक बनाया गया है। इसे एक जुलाई से प्रभावी कर दिया जाएगा। नई व्यवस्था में तत्काल टिकट को सिर्फ प्रमाणित यात्री बुक कर पाएंगे। इसके लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

जुलाई के अंत तक तत्काल टिकट के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन भी शुरू कर दिया जाएगा। इसका सत्यापन आधार कार्ड या डिजी लाकर में उपलब्ध अन्य सरकारी आईडी के माध्यम से किया जाएगा। रेलमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सत्यापन प्रणाली को अत्यधिक व्यापक और व्यावहारिक बनाया जाए, ताकि यात्री की पहचान सुनिश्चित की जा सके।

**0 दीपक बैज का मोबाईल गुमा ....**

दिल्ली तक बहुत सारे कांटेक्ट नंबर थे। बस उसी की चिंता है, क्योंकि अब नए सिरे से फिर कांटेक्ट जोड़ना पड़ेगा। उसमें मेरे लोकसभा और कार्यक्रमों के फोटो वीडियो भी थे। उन्होंने आगे कहा कि, हो सकता है यह फोन किसी के हाथ में लग गया हो, इसलिए उसे बंद चालू किया जा रहा है। बैज ने कहा कि, राजीव भवन नहीं बल्कि पूरा प्रदेश ही सुरक्षित नहीं है। हमारे कार्यकर्ताओं में सलेक्टेड लोग आए थे। उन्होंने ऐसा नहीं किया है। हो सकता है कि कोई संदिग्ध व्यक्ति भीड़ में घुस गया हो उसने ऐसा किया हो।

**0 यूक्रेन पर अब तक सबसे बड़ा हवाई हमला ...**

शामिल किया गया। यह हमला यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्र समेत पूरे क्षेत्र को निशाना बनाकर किया गया, जो अग्रिम मोर्चे से काफी दूर है।

यूक्रेन पर यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शुक्रवार को दिए गए उस बयान के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि मॉस्को इस्तांबुल में सीधे शांति वार्ता के नए दौर के लिए तैयार है। हालांकि, युद्ध के थमने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं क्योंकि अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयासों में अब तक कोई सफलता नहीं मिली है।

यूक्रेन के सुदूर पश्चिम में ड्रोन हमले के बाद ड्रोहोबिच शहर में एक औद्योगिक इकाई में बड़े पैमाने पर आग लग गई। जिससे शहर के कुछ हिस्सों में बिजली भी गुल हो गई।

इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हाल ही में हुई दो दौर की वार्ता संक्षिप्त रही। इसमें किसी समझौते पर पहुंचने में कोई प्रगति नहीं हुई। लंबी दूरी के ड्रोन हमलों के बाद सुलह की गुजाइश पूरी तरह खत्म हो गई है। दोनों पक्षों के बीच घातक ड्रोन विकसित करने की होड़ ने संघर्ष को नए हथियारों के परीक्षण के मैदान में बदल दिया है।

**जेलेंस्की ने पश्चिम से और सहायता मांगी**

हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पश्चिम से और अधिक सहायता का आह्वान किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मॉस्को तब तक नहीं रुकेगा जब तक उसके पास बड़े हमले करने की क्षमता है। सिर्फ इस हफ्ते ही 114 से अधिक मिसाइलें, 1,270 से अधिक ड्रोन और लगभग 1,100 ग्लाइड बम दागे गए हैं। इन हमलों में घरों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और कम से कम सात लोग घायल हो गए। सेना ने कहा कि हमले को दोहराते समय युद्ध की शुरुआत के बाद से यूक्रेन ने अपना तीसरा एफ-16 लड़ाकू विमान खो दिया। कीव ने यह नहीं बताया है कि वह कितने जेट विमानों का संचालन करता है, लेकिन वे यूक्रेन की हवाई सुरक्षा का एक केंद्रीय और भारी उपयोग वाला हिस्सा बन गए हैं।

# युगांतर की हर पल की मेमोरी अनुपम है - नवीन गोयल

राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल का 29वां स्थापना दिवस समारोह विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मानित बिजनेसमैन अंकित बाफना, नवीन गोयल तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुचिता गोयल के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि नवीन गोयल ने कहा कि युगांतर की हर पल की मेमोरी अनुपम है। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के भविष्य गढ़ने का अद्वितीय कार्य हो रहा है। हमें भी विद्यार्थी जीवन ऐसा लगता था कि शिक्षक-शिक्षिकाएं गलतियों पर डांटते-फटकारते क्यों है, जब हम उच्च मुकाम में पहुँच गए तो अब ऐसा लगता है कि उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह भी ज़रूरी था। विशेष अतिथि डॉ सुचिता गोयल ने कहा कि युगांतर की यादें हमारा अनमोल धन है। आगे उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को भी प्रतिपादित किया।

विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि युगांतर की विकास की यात्रा अविस्मरणीय रही है। राजनांदगाँव को संस्कारधानी कहा जाता है। इस दिशा में विद्यालय की संस्कारयुक्त शिक्षा ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक समय ऐसा भी रहा कि राजनांदगाँव की पहचान युगांतर से होने लगी थी। इसी तारतम्य में विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि विद्यालय का फाउन्डेशन डे हमारी जड़ों की याद दिलाता है। विद्यालय की विकास यात्रा में निदेशक साथियों के साथ-साथ टीचिंग और नान टीचिंग स्टॉफ का अमूल्य योगदान रहा है। हमारे जो विद्यार्थी उच्च मुकाम में पहुँच चुके हैं, वह हमारी स्थायी संपत्ति है। यह भी हमारे विद्यालय के स्थापना दिवस को अविस्मरणीय बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सुख सुविधाओं से परिपूर्ण जीवन की अपेक्षा संघर्ष पूर्ण जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। आगे उन्होंने युगांतर के पूर्व निदेशक स्वर्गीय गौतम भंसाली, स्वर्गीय संजय गुप्ता और स्वर्गीय एन एल गंडेचा की कर्मठता और कार्य कुशलता को भी याद किया। इसी कड़ी में विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों का सम्मान भी हुआ, जिसमें टीचिंग स्टॉफ से प्रियंका कपूर, निमिषा प्रिविन तथा नान टीचिंग स्टाफ से पुष्पा रायपुरिया, गीता साहू, बबीता टंडन,तारामती सतनामी, प्राची हेडेव, आशा हेडेव, सुरेश अंबलेकर प्रमुख रहे।



युगांतर में 29 वें स्थापना दिवस का शानदार आयोजन

समारोह की शुरूआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात् गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका अभिवादन किया। इसी तारतम्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभावशाली आयोजन ने दाँतों तले उंगली दबाने के लिए मज़बूर कर दिया। विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य और गीत को प्रभावकारी ढंग से प्रस्तुत किया। पंजाबी लोकनृत्य में विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य कला का जौहर दिखाया। विद्यार्थियों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अलग-अलग सामूहिक गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। राष्ट्रीय स्तर पर कथक नृत्य में प्रख्यात रही छात्रा प्रसिद्धि सिंहा के नृत्य ने भी खूब तालियाँ बटोरी। विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। विद्यालय के निदेशकों और उनके परिवार की बचपन की तस्वीर दिखाकर उनको पहचानने का टॉस्क दिया गया। इसी तरह उन्हें धुन सुनाकर गीत गाने का गेम भी खिलाया गया। इसी कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य ने स्टूडेंट कौन्सिल तथा सत्यम, शिवम, सुन्दरम, मधुरम हाउस के पदाधिकारियों की घोषणा की। समारोह के अन्त में केक कटिंग सेरेमनी हुई। समारोह में विद्यालय के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक विनोद सदानी, पारस अग्रवाल, नरेंद्र कोटड़िया, राजकुमार अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत, नृत्य, कला, खेल विभाग के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ कक्षा शिक्षक और विषय शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी अमूल्य योगदान रहा। समारोह की समाप्ति राष्ट्र-गान से हुई।

# शमसुल आलम बने अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने संगठन को मजबूत करते हुए अहम नियुक्ति की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के निर्देशानुसार प्रदेश संगठन मंत्री सौरभ झा तथा कोर कमेटी की अनुशंसा पर शमशुल आलम को अजीत जोगी युवा मोर्चा का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नए कार्यकारी अध्यक्ष को पार्टी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि वे पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं सिद्धांतों के अनुरूप संगठनात्मक कार्यों का निर्वहन करते हुए युवाओं को पार्टी से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। पार्टी की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में शमशुल आलम को संगठन विस्तार एवं युवा मोर्चा की सक्रियता बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी नेतृत्व ने आलम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा नई ऊर्जा और दिशा के साथ आगे बढ़ेगा तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। पूरे प्रदेश की पदाधिकारियों में खुशी की लहर है प्रदेश भर से शुभकामनाएं संदेश भेजे जा रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन पर महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, रैली और पोस्टर द्वारा किया गया यात्रियों को जागरूक





राजनांदगांव (दावा)। कॉनफ्लूएन्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एक्सटेंशन एक्टिविटी एवं रेलवे पुलिस बल के संयुक्त तत्वाधान में महिला सुरक्षा एवं महिला अधिकार के प्रति यात्रियों को जागरूक करने, यात्रा के दौरान होने वाले समस्या, सुरक्षा एवं सावधानियों के बारे में बताने एवं जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए, रैली निकालकर एवं पोस्टर प्रदर्शित किया। जिसमें लोगों को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान किया गया।

प्रो. विजय मानिकपुरी (कार्यक्रम अधिकारी) ने कहा कि भारतीय रेलवे महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए इस दिशा में काफी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है जिसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और सुरक्षा उपाय पूरे देश भर में आयोजित किया जा रहा है। आवागमन करने वाली महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रैली निकाल कर पोस्टर प्रदर्शित करके तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा, सुरक्षा, आपात स्थिति के संबंध में जानकारी प्रदान किया।

रेलवे सुरक्षा बल (पुलिस) टी.आई. तरुण साहू ने बताया कि राजनांदगांव रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक में हेल्पलाइन नंबर 139 या 182 पर आप संपर्क कर सकते हैं। आप अकेले यात्रा के दौरान अपनी सीट तथा कोच की जानकारी परिजनों को बता सकते हैं। यात्रा में ट्रेन या सहयात्री की प्रतिष्ठा के दौरान महिलाओं हेतु आरक्षित प्रतिक्षालयों अथवा स्टेशनों पर महिलाओं हेतु बने अक्षिता सेफ बबल में बैठे जैसे अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जागरूकता अभियान के अंतर्गत साझा किया। आने जाने वाले ट्रेनों में उपस्थित यात्रियों से अपील करते हुए समझाइश देते हुए पाम्पलेट बांटे गए। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि रेल यात्रियों को उनकी सुरक्षा और यात्रा के दौरान क्या करें और क्या ना करें के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों और रेलवे पुलिस बल राजनांदगांव द्वारा चलाया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से ट्रेन में महिला सुरक्षा पर जागरूकता निश्चित रूप से बढ़ेगी।

# छत पर बिजलीघर, घर में उजियारा-प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से बदली जिंदगी

खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने जिले के अनेक परिवारों की आर्थिक स्थिति और ऊर्जा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाया है। भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य सौर ऊर्जा को घर-घर पहुंचाकर आमजन को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के अंतर्गत छत पर सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार से लेकर 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है।

अब छत्तीसगढ़ शासन ने भी 30 हजार रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी की घोषणा की है, जिससे यह योजना और अधिक प्रभावी हो गई है। जिला मुख्यालय खैरागढ़ की निवासी भारती सिंह ने अपने मकान की छत पर 10 किलोवाट का ऑन-ग्रिड सोलर प्लांट स्थापित किया है। उन्हें इस पर केंद्र सरकार से 78 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र से उन्हें बिजली बिल में लगभग 75 प्रतिशत तक की बचत हो रही है। सौर ऊर्जा के माध्यम से उन्हें सस्ती, स्वच्छ और अबाधित बिजली मिल रही है। उनका मानना है कि यह योजना आम परिवारों के लिए एक सुनहरा अवसर है।



खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में बढ़ा सौर ऊर्जा का उपयोग, केंद्र व राज्य सरकार से मिल रही दोहरी सब्सिडी

इसी तरह गंजीपारा निवासी शिवादित्य सिंह ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट का सोलर संयंत्र लगाया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी के कारण उन्हें संयंत्र की लागत काफी किफायती पड़ी है और अब उनका बिजली खर्च लगभग समाप्त हो गया है। वे इसे आम जनता के लिए वरदान मानते हैं। खैरागढ़ नगर के अमलीपारा वार्ड निवासी नीलांबर सिंह ने 4 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित कराया है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण में भी मददगार साबित हो रही है। वहीं नगर के मनीष अग्रवाल ने भी अपने मकान की छत पर 5 किलोवाट का सौर प्लांट लगाया है। उन्होंने बताया कि उन्हें बिजली की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ बिल में भी उल्लेखनीय कमी देखने को मिल रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत एक, दो और तीन किलोवाट की श्रेणियों में क्रमशः 30 हजार, 60 हजार और 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है। एक किलोवाट संयंत्र से प्रतिमाह लगभग 120 यूनिट बिजली निःशुल्क प्राप्त होती है, वहीं तीन किलोवाट संयंत्र से 360 यूनिट तक की बिजली उत्पादन संभव है। संयंत्र की स्थापना पर केंद्र सरकार की ओर से 25 वर्षों की वारंटी दी जाती है, जबकि अधिकृत वेंडर द्वारा 5 वर्षों तक प्लांट का निःशुल्क संधारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे ग्रामीण और शहरी उपभोक्ता दोनों ही लाभान्वित हो रहे हैं।

योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक उपभोक्ताओं को pmsuryaghar.gov.in पोर्टल पर जाकर पंजीयन करना होगा। पोर्टल पर राज्य, बिजली वितरण कंपनी और कंज्यूमर नंबर की जानकारी भरकर आवेदन किया जाता है। अनुमोदन मिलने के पश्चात अधिकृत वेंडर से संयंत्र की स्थापना करानी होती है। संयंत्र स्थापित होने के बाद नेट मीटर की प्रक्रिया पूरी कर, आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड किए जाते हैं। बैंक खाता विवरण और रद्द चेक जमा करने के उपरांत 30 कार्यदिवसों के भीतर सब्सिडी की राशि उपभोक्ता के खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। कार्यपालन अभियंता ने जिले के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस जनोपयोगी योजना का लाभ लें और पर्यावरण हितैषी ऊर्जा स्रोत को अपनाकर सशक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

# स्कूल परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान- बच्चों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की पहल

राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिंघोला में शनिवार को एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्कूल के परिसर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना था, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और अनुकूल शिक्षण वातावरण मिल सके। सरपंच मुकेश साहू की प्रेरणा और दूरदर्शी सोच के अनुरूप आयोजित इस अभियान में स्कूल परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से गंदगी, कचरा और खरपतवार को हटाया गया, जिससे परिसर को पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर बनाया गया।



स्वच्छता अभियान की शुरुआत सुबह जल्दी हुई, जब सरपंच मुकेश साहू के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एकत्रित होकर कार्य शुरू किया। इस अवसर पर उपसरपंच मोती राम साहू, पंचगण रेणुका ठाकुर, तिलेश्वरी साहू, रामेश्वरी साहू, राकेश साहू, कोटवार विवेक जोशी, गिरधारी धनकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनीषा और पुष्पा साहू, पंचायत सचिव मनोज देवांगन, मितानिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक प्रयासों से स्कूल परिसर को स्वच्छ करने में योगदान दिया।

अभियान के दौरान स्कूल परिसर में बिखरे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर उचित निपटान के लिए भेजा गया। इसके अलावा, स्कूल के चारों ओर उगे खरपतवार और जंगली घास को हटाया गया, जिससे परिसर न केवल स्वच्छ बल्कि आकर्षक भी दिखने लगा। परिसर के खेल के मैदान, कक्षाओं के आसपास और प्रवेश द्वार को विशेष रूप से साफ किया गया, ताकि बच्चों को एक स्वस्थ और सुरक्षित स्थान मिल सकें।

सरपंच मुकेश साहू ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, हमारा दायित्व है कि हम अपने बच्चों को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करें, जहां वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों पर ध्यान दे सकें। स्वच्छता केवल स्कूल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे गांव की जिम्मेदारी है। हमारी कोशिश है कि गांव का हर कोना स्वच्छ और सुंदर बने। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान ग्राम पंचायत की एक नियमित पहल का हिस्सा है, जिसके तहत हर शनिवार को गांव के विभिन्न स्थानों, जैसे सामुदायिक भवन, मंदिर परिसर और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है।

उपसरपंच मोती राम साहू ने अभियान की सराहना करते हुए कहा, यह सामूहिक प्रयास हमारी एकता और जिम्मेदारी को दर्शाता है। बच्चों का भविष्य हमारी प्राथमिकता है, और स्वच्छ वातावरण उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनीषा ने भी इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि स्वच्छता अभियान से न केवल स्कूल का माहौल बेहतर हुआ है, बल्कि बच्चों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

ग्रामीणों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे एक सामुदायिक उत्सव की तरह मनाया। कई ग्रामीणों ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के अभियान गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# शाला प्रवेशोत्सव : तिलक लगाकर कराया गया बच्चों का मुंह मीठा

राजनांदगांव (दावा)। नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत भव्य साज-सज्जा के साथ बच्चों को मंगल तिलक लगाकर, मिठाई खिलाने के साथ की गई। उक्त अवसर पर शाला में उपस्थित पालकों को नांदगांव शिक्षा मंडल के संचालकों ने बच्चों की शिक्षा से संबंधित भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। प्री-प्राइमरी से शुरू की गई नवीन शाला में इस वर्ष मिडिल कक्षा तक प्रवेश के लिए पालकों के रुझान ने वनांचल में अच्छा प्रतिसाद दिया है।



इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में डायरेक्टर्स ने बताई भविष्य की योजनाएं

नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में 25 जून को आकर्षक साज-सज्जा के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। बच्चों को मंगल तिलक लगाकर आगामी सत्र में प्रवेश के साथ ही शुभकामनाएं देते हुए मिठाई खिलाई गई। प्रारंभिक उद्बोधन शाला प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने देते हुए बताया कि नांदगांव शिक्षा मंडल का शिक्षा में योगदान कोई नया नहीं है। उन्होंने दिग्विजय महाविद्यालय की नींव रखने के साथ ही विधि महाविद्यालय में कानून की शिक्षा देते हुए हजारों छात्रों को वकालत के पेशे से जोड़ा है। संस्था के अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने कहा कि बच्चों में संस्कारों का प्रस्फूटन शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ हमने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शिक्षा का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में संस्था के उपाध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल ने आंचलिक भाषा में पालको को संबोधित करते हुए शिक्षा को समाज सेवा का बेहतर माध्यम बताया गया। संस्था में प्रशासक के रूप में सेवाएं दे रहे डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि आने वाले समय में यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होगी और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान करती रहेगी। कार्यक्रम में संस्था सचिव अनिल वार्षणेय, कोषाध्यक्ष कमलेश उबरानी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अशोक कोटड़िया ने भी बच्चों को तिलक लगाकर कक्षाओं में प्रवेश कराया।

# कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने टप्पा उपकेन्द्र के लिए नई 33 के.व्ही. लाईन का किया शुभारंभ



73 लाख रुपये की लागत वाले इस नई लाइन से 24 ग्रामों के लगभग 8 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के अंतर्गत 73 लाख रूपये की लागत से टप्पा उपकेन्द्र के लिए 33 के.व्ही. नई लाइन का निर्माणकर विद्युत प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ीकृत किया गया है। जंगलपुर (इंदामरा) स्थित 132 के.व्ही. उच्चदाब उपकेंद्र में इस नये लाईन का ऊर्जीकरण राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता रविन्द्र गोस्वामी, मुकेश कुमार साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता रविन्द्र कुमार गोस्वामी ने बताया कि जंगलपुर (इंदामरा) स्थित 132 के.व्ही. उच्चदाब उपकेंद्र से टप्पा तक 5 किमी 33 के.व्ही. नई लाइन खींचकर टप्पा उपकेन्द्र को जोड़ा गया है। पहले इस 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिए विद्युत की सप्लाई 33 के.व्ही. तुमड़ीबोड़ फीडर से किया जाता था। जिसके कारण अंतिम छोर तक लोड एवं वोल्टेज की परेशानी आती रहती थी।

चूंकि वर्तमान में ग्राम विचारपुर नवागांव एवं डुन्डेरा में नये 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। जिसकी वजह से 33 के.व्ही. की नई लाइन की नितांत आवश्यकता थी। नए 33 के.व्ही. टप्पा फीडर के निर्माण एवं ऊर्जीकरण से लगभग 24 ग्रामों के 8 हजार कृषक एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

# सरकार की बदहाल पीडीएस व्यवस्था से जनता त्रस्त - गोपाल साहू

रायपुर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू का कहना है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डधारियों को तीन महीने का एकमुश्त चावल बांटने की योजना में अव्यवस्था देखने को मिल रही है। बिना किसी पूर्व तैयारी के 30 जून तक तीन महीने का एकमुश्त चावल देने का निर्णय ले लिया गया है, जबकि प्रदेश की 13 हजार से अधिक राशन दुकानों में चावल रखने के लिए गोदाम नहीं है। वहीं उचित मूल्य की दुकानों में चावल लेने हितग्राहियों की भीड़ भी उमड़ रही है। जून महीने के तीसरे सप्ताह गुजर जाने के बाद भी केवल 40 प्रतिशत चावल बटा है, उसमें भी अधिकांश कार्डधारियों को तीन महीने के बदले एक-दो महीने का ही चावल वितरण हुआ है।

राजनांदगांव जिला से राजेन्द्र सोनी ने कहा कि जब रायपुर जिले में वितरण में इतनी लापरवाही है तो सोचिये प्रदेश के हर जिले में क्या गंभीर स्थिति होगी। रायपुर जिले में तीन माह का राशन एक साथ गोदामों से अनाज उठाने पर्याप्त गाड़ियां तक नहीं हैं, स्थिति इतनी चिंताजनक है कि शहर की 73 राशन दुकानें बंद पड़ी हैं। इस कारण 70 हजार से ज्यादा हितग्राहियों को चावल नहीं मिल पा रहा है। नान गोदाम से सरकारी राशन दुकानों तक चावल नहीं पहुंच पा रहा है। रायपुर के एक दुकान में करीब 700 से 1500 तक कार्डधारक निर्भर होते हैं। इस हिसाब से शहर के 70-75 हजार कार्डधारियों को चावल नहीं मिल सका है। ज्यादातर जगह चावल के बदले 20 रूपये प्रति किलो के हिसाब से रूपये दिए जा रहें हैं और उस चावल को व्यापारियों को ऊँचे दामों पर बेंचा जा रहा है।



राशन वितरण में अनियमितता से जनता त्रस्त, खाद्य विभाग की लापरवाही

श्री सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली में घोर खामियां हैं। जिसे राज्य का खाद विभाग संभाल नहीं पा रहा है। कुछ दिन पहले ही सरगुजा जिले में कई महीनों से मृत लोगों के नाम से राशन कार्ड पर राशन उठाया जा रहा था। सारंगढ़ (बलौदाबाजार) में कई राशन दुकानों से खराब, स्तरहीन चावल की पैकेजिंग/वितरण की शिकायतें प्राप्त हुई है।

रायगढ़ जिले के जबगा ब्लॉक में एक दूध समिति द्वारा संचालित राशन दुकान पर नियमित वितरण नहीं होने और सामग्री की कमी के आरोपों पर एफआईआर दर्ज की गई। दुर्ग जिले के कुम्हारी में एक सरकारी राशन दुकान से लगभग 15 क्विंटल पीडीएस चावल जब्त हुआ। दुकान को सील कर दोषियों के खिलाफ पुलिस व खाद्य विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज की गई।

श्री सोनी ने कहा कि खाद्य विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। छत्तीसगढ़ में पीडीएस सिस्टम में कई जगहों पर गड़बड़ियां और लापरवाही पकड़ी गई है। कुछ मसले अभी जांचाधीन हैं। कुछ जगह कार्रवाई भी हुई है, लेकिन यह स्पष्ट है कि सिस्टम में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और तकनीकी नीतियों को मजबूती की बहुत जरूरत है, ताकि वास्तविक लाभ सही लोगों तक पहुंचे और भ्रष्टाचार में कमी आए। प्रदेश की जनता राशन वितरण में सरकार की अनदेखी से त्रस्त है। आम आदमी पार्टी सरकार से आग्रह करती है कि यदि आम जनता की इन समस्यायों का समाधान जल्दी नहीं करती है तो पार्टी प्रदेश स्तर पर हर जिले में बड़ा आंदोलन करेगी। आम आदमी पार्टी से गोपाल साहू प्रदेश अध्यक्ष, भूपेश तिवारी लोकसभा अध्यक्ष, संजीत विश्वकर्मा संगठन मंत्री, राजेन्द्र सोनी, आरीफ भाईजान, मंगल सिंह राजपूत, मिहिर कुर्मी प्रदेश मीडिया प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों ने बढ़ाया उत्साह, छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव की अपील- मुयमंत्री साय

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना और इसे प्रेरणादायी बताया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों, जन-भागीदारी और सकारात्मक प्रयासों की चर्चा करते हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित लोगों को पहचान और सम्मान मिलता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी के साथ स्वास्थ्य और प्रकृति की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के 'मन की बात' कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपयोगी जानकारियां साझा की। प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चल रहे नवाचारों के बारे में बताया है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात' की 123वीं कड़ी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जीवन में छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव का आधार बनते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह दृष्टिकोण हम सभी को प्रेरित करता है और यदि हम नियमित रूप से छोटे लेकिन सार्थक कदम उठाएं, तो समाज और देश में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की छोटी-छोटी से लेकर बड़ी उपलब्धियों पर भी अपनी बात साझा करते हैं और उसकी सराहना करते हैं। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग दिवस की भव्यता, पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि, 1975 के आपातकाल और भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की वियतनाम यात्रा और भारत के ट्रेकोमा मुक्त होने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत हम सभी का संकल्प है और राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए छत्तीसगढ़ हर मोर्चे पर दृढ़ संकल्प के साथ खड़ा है।

इस अवसर पर निरंजन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज, केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती सावित्री ठाकुर, कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक राजेश मूणत, विधायक अनुज शर्मा, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक संपत अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, सीजीएमएससी के चेयरमैन दीपक म्हस्के, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, वन विकास निगम केअध्यक्ष रामसेवक पैंकरा, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## राज्यपाल से सीएम साय ने की भेंट



रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। वहीं नए मुख्य सचिव किसे बनाए जा सकते हैं इसकी चर्चा हर जगह हो रही है। बता दें कि साय सरकार की कैबिनेट बैठक 30 जून को होने जा रही है। इससे पहले 29 जून की शाम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अचानक राज्यपाल से मिलने पहुंच गए। राजनीतिक और प्रशासनिक कारणों से इस मुलाकात को देखा जा रहा है। सीएम और राज्यपाल की मुलाकात मुख्य सचिव अमिताभ जैन के रिटायरमेंट से एक दिन पहले हुई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सीनियर आईएएस मनोज पिंगुआ छत्तीसगढ़ के नए चीफ सेक्रेटरी बनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही नए मंत्रियों को भी कैबिनेट में शामिल करने पर विचार चल रहा है।

## बगदई पुल खतरे में, पानी जमा होने से खराब हो सकता है पुल



डोंगरगांव (दावा)। राजनांदगांव-डोंगरगांव स्टेट हाईवे में घुमरिया नदी पर बने बगदई पुल जिला मुख्यालय को डोंगरगांव से सीधा जोड़ने वाले पुल पर फिलहाल खतरा मंडरा रहा है। यदि पुल क्षतिग्रस्त होता है, तो संपर्क तो टुटेगा ही और राहगीरों के लिए जान का खतरा भी होगा ।

बता दें कि राजनांदगांव की ओर से इस बगदई पुल डोंगरगांव, चौकी, मोहला, मानपुर, आंधी और महाराष्ट्र को जोड़ता है, जो एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करता है। इस पुल से रोजाना कई टन वजनी वाहन के साथ-साथ अन्य व्यवसायिक वाहन सहित कार, बाइक व साइकिल सवार राहगीर इस पुल से आना-जाना करते हैं। वर्तमान में यह पुल मिट्टी के ढेर से पटा पड़ा है। इधर मानसून के आते ही लगातार बारिश होने के चलते पुल पर पानी जमा हो रहा है। मिट्टी के ढेर जमा होने से पुल में बने पानी निकासी के गड्ढे बंद हो गए हैं। जिसके कारण पुल में पानी जमा हो रहा है और पुल को खतरा तो है ही साथ ही राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बरसात के समय में अक्सर पुल में बड़े गड्ढे बन जाते हैं और डामरीकरण उखड़ जाता है। जिससे पानी भरे होने के कारण राहगीरों का अंदाजा नहीं होता और दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इस मामले में पीडब्ल्यूडी विभाग को ध्यान देते हुए पुल का साफ-सफाई करना अति आवश्यक है।

**1 जुलाई से तत्काल टिकट नियम में बदलाव**

## 15 जुलाई से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य




सामान्य यात्रियों को तत्काल योजना का लाभ सुनिश्चित करने हेतु रेलवे द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय

राजनांदगांव (दावा)। सामान्य रेल यात्रियों को तत्काल टिकट योजना का वास्तविक लाभ सुनिश्चित करने तथा तत्काल योजना के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। रेलवे द्वारा उठाया गया यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने एवं तत्काल योजना के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है ताकि सामान्य रेल यात्रियों तत्काल टिकट बुकिंग का लाभ ले सकें। दिनांक 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के अंतर्गत टिकटों की बुकिंग केवल भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से आधार प्रमाणीकृत उपयोगकर्ताओं द्वारा ही की जा सकेगी। इसके उपरांत दिनांक 15 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा।

तत्काल टिकटों की बुकिंग रेलवे के कंम्प्यूटरीकृत पीआरएस काउंटर या अधिकृत एजेंटों द्वारा केवल उस मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी के प्रमाणीकरण के पश्चात ही की जा सकेगी, जो टिकट बुकिंग के समय उपयोगकर्ता द्वारा दर्ज किया गया होगा। यह व्यवस्था भी 15 जुलाई से लागू की जाएगी। एसी श्रेणी के तत्काल टिकटों के लिए प्रातः 10 बजे से 10:30 बजे तक एवं नॉन.एसी श्रेणी के लिए प्रातः 11 बजे से 11:30 बजे तक टिकट बुकिंग की अनुमति नहीं होगी, परन्तु अधिकृत टिकटिंग एजेंट तत्काल बुकिंग खुलने के प्रारंभिक 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं कर सकेंगे। इस बदलाव से सामान्य रेल यात्रियों को तत्काल टिकट योजना का वास्तविक लाभ मिलेगा।

रेलवे प्रशासन द्वारा की गई यह व्यवस्था आम जनता के हित में है जिससे जरूरतमंद यात्री बिना किसी कठिनाई के तत्काल टिकट प्राप्त कर सकें।

## पुस्तकों के बारकोड स्कैनिंग के लिए आड़े आ रहा नेटवर्क प्राब्लम



○ बच्चों को पुस्तकें वितरण में हो रही देरी
○ स्कूलों में बच्चे बगैर पुस्तकें या पुराने पुस्तकों से पढ़ाई करने बाध्य

राजनांदगांव (दावा)। नया शिक्षण सत्र के प्रारंभ होते ही स्कूलों में बच्चों का धूमधाम के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया। बच्चों की पढ़ाई भी शुरू हो गई लेकिन उन्हें अभी तक पुस्तकें वितरण नहीं हो पाई है। इसके चलते बच्चों को ठीक तरह से पढ़ाई शुरू नहीं हो पा रही। पुस्तकें के अभाव में बच्चों को या तो चूपचाप बैठना पड़ रहा है या फिर बगैर पुस्तकों के पढ़ाई कर रहे हैं या पुराने पुस्तकों के माध्यम से पढ़ाई करने बाध्य हो रहे है।बता दें कि नए शिक्षण सत्र में शासन द्वारा स्कूल पढ़ने आने वाले बच्चों को पाठ्य पुस्तकें के साथ-साथ गणवेश भी दिया जा रहा है। बच्चों को एक-एक जोड़ी गणवेश तो मिल गया लेकिन पुस्तकें अभी तक नहीं मिल पाई है। इससे बच्चों को बगैर पुस्तकों के पढ़ाई करनी पड़ रही है।

### बारकोड अंकित पुस्तकों की व्यवस्था

बताया जाता है कि नए शिक्षण सत्र में इस बार शासन द्वारा बच्चों को बारकोड वाले पुस्तक दिए जाने की व्यवस्था की गई है। इन पुस्तको को इसके पीछे भाग में दिए गए बारकोड का स्कैनिंग कर के ही बच्चों को दिया जाना है।लेकिन नेट वर्क प्राबलम के चलते बारकोड का स्कैनिंग नहीं हो पा रहा। जिसके चलते बच्चों में उसे वितरित किए जाने में समस्या आ रही है। यही वजह है कि जिले भर के अधिकांश स्कूलों में बच्चों में अभी तक उक्त पुस्तकें बांटी नहीं जा सकी है। जबकि बच्चे इसकी राह तक रहे हैं।

### कबाड़ी में बेचे जाने से रोकने बारकोड का उपयोग

बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से शासन द्वारा बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें वितरण किया जाता था। लेकिन कई स्कूलों में उक्त पुस्तकें बच्चों में न बांटी जाकर कबाड़ियों के पास बेच दिया जाता था। इस तरह के कई मामले सामने आए। कबाड़ियों के पास बंडल के बंडल सरकारी पुस्तकें पकड़ी गई। इससे बचने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा पुस्तकों में बारकोड का इस्तेमाल किया गया है। जिसका स्कैनिंग किए जाने के बाद ही बच्चों में बांटा जाना है। जिसका स्कूल विभाग द्वारा हिसाब रखा गया है। लेकिन नेटवर्क प्राब्लम के चलते स्कैनिंग नहीं होने से पुस्तकें स्कूलों में धरी की धरी रखी हुई है।

शिक्षकों की मानें तो कई पुस्तकों में बारकोड ही नहीं है। जिसे बांटा जाना संभव नहीं। इस तरह बारकोड स्कैनिंग के बगैर पुस्तकें नहीं बांटे जाने से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही। स्कूल आने वाले बच्चे या तो बगैर पुस्तकों के पढ़ाई कर रहे हैं या फिर पढ़ाई के लिए पुरानी पुस्तकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मीडिया द्वारा उक्त परेशानी के संबंध में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के ध्यान में लाए जाने उपरांत उन्होंने कहा कि बारकोड स्कैनिंग का कार्य जारी है। दिक्कतें आ रही है, उसे जल्द ही साल्व कर लिया जाएगा।

**डीएपी की कमी, एनपीके का लक्ष्य बढ़ाया**

## खाद की कालाबाजारी पर होगी सख्ती, मंत्री कश्यप ने कहा- होगी कड़ी कार्रवाई

रायपुर। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी खाद की कमी को देखते हुए प्रदेश में डीएपी खाद की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही है, तो डीएपी के वैकल्पिक खादों के प्रति किसानों को जागरूक करें और जो वैकल्पिक खाद उपलब्ध है, किसानों को दिया जाए। उन्होंने बैठक में कहा, किसानों को सहूलियत प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री केदार कश्यप शनिवार को अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सहकारिता और उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों की बैठक में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखने के संबंध में समीक्षा कर रहे थे।

सहकारिता मंत्री ने कहा, रासायनिक खाद की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व केन्द्र संचालकों के पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा, प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का भण्डारण हो और किसानों की मांग के अनुरूप खाद मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनी डीएपी के छिड़काव के प्रति भी किसानों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, डीएपी खाद की आपूर्ति के संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों से समन्वय कर खाद सप्लाई के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में डीएपी खाद सप्लाई की संभावना है।

## गुजराती स्कूल में वेलकम सेरेमनी का आगाज




राजनांदगाव(दावा)। गुजराती स्कूल में कल 28 जून को प्री स्कूल वेलकम सेरेमनी के साथ भवन के प्री-प्राइमरी सेक्शन का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात नये दाखिल हुए नर्सरी व बालवाड़ी के 74 बच्चों को तिलक लगाकर भेंट स्वरूप चॉकलेट वितरित किया गया।

केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति-2020 को लागू करते हुए इस वर्ष से बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा एवं योग कृति जैसे विषय से जोड़ने के लिए अभी से बच्चों को खेल-खेल में हैलीनो गार्डी, मरिया मोंटेसरी प्ले वे मैथड के माध्यम से खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करने के लिए पर्याप्त शिक्षाप्रद खेल सामग्री सहित समस्त कक्षाओं को उपयोगी शिक्षण सामग्रियों के चित्र से सुशोभित किया गया, जिससे देख अभिभावकों ने भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की।

मुख्य अतिथि दीपक भाई बुद्धदेव ने कहा कि संस्था को आगे ले जाने में जो शिक्षकों का योगदान है, वह सराहनीय है और जैसे पूर्व में गुजरती स्कूल पहली स्कूल थी जिसमें बस संचालन में वैसे ही भविष्य में हम बस सेवा दूरगामी इलाके से आने वाले बच्चों के लिए शुरु करें।

विशेष अतिथि गिरीश भाई सोनछात्रा ने अपने वक्तव्य में भरोसा दिलाया कि भविष्य में उनकी आवश्यकता जब भी हो, संस्था के भवन या अन्य किसी भी काम के लिए तो वे सहर्ष ही उपलब्ध रहेंगे और अपना पूरा योगदान देंगे। विशिष्ट अतिथि शांतिलाल पटेल (शांतिकुंज हरिद्वार) ने बताया कि उन्हें भी इस स्कूल में प्राथमिक शाला में शिक्षा प्राप्त करने का अमूल्य अवसर प्राप्त हुआ। अतः पुरानी स्मृतियां ताजा होने पर मै अभिभूत हूं। संस्था के पदाधिकारीगण, व्यस्थापकगण एवं समस्त शिक्षिक-शिक्षिकाओं की निष्ठा व समर्पण से मै अत्यंत प्रभावित हूं।

इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि जगदीश भाई कोटक, पार्षद श्रीमती अमृता सिन्हा, प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सेक्रेटरी सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्यगण-चन्द्रिका बेन नाथवानी, श्रीमति रीटाबेन पटेल, श्रीमती सिद्धि मिरानी, प्रवीण भाई काथरानी, योगेश माणेक, गिरीश ठक्कर, सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल, अनिल पटेल व अन्य सदस्यगण, प्राचार्य तारिक लालानी, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित शाला के समस्त पालकगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शिक्षिका भगवती साहू ने दी।

## पुलिस ने मवेशियों को ले जाते पशु तस्करों को धरदबोचा



चार आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध रुप से मवैशी तस्करी करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने मवेशी तस्करी के दो प्रकरण में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

लालबाग थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियो के कब्जे से कुल 6 नग भैसा एवं घटना में प्रयुक्त दो नग चार पहिया वाहन जब्त किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्ग दर्शन में शनिवार 28 जून को मुखबीर से मोबाईल से सूचना मिली कि 02 पीकअप वाहन से अवैध रूप से मवेशी भरकर दूर्ग से नागपुर की ओर कत्लखाना ले जा रहे है। इस पर हमराह स्टाप के फरहद चौक पहुंचकर चेकिंग पाईट लगाकर वाहनों को चेक किया गया। चेकिंग दौरान एक पीकअप वाहन सफेद रंग का बिना नंबर को जिसे रोककर चेक किया जिसमें 4 नग भैंस कीमती 6,15,000 रू. भरा हुआ मिला एवं एक अन्य वाहन दोस्त प्लस एल.एस. वाहन क्र. सीजी-04 /एनएल 6724 को चेक किया जिसमें 2 नग भैस कीमती 7,31,000 रू. भरा हुआ मिला। इसमें चार आरोपी नासीर खान पिता रसीद खान उम्र 32 वर्ष ,व सोहेब खान पिता सफीक उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी ग्राम आष्टा सिवनी मध्यप्रदेश तथा सुजीत लाल मसीह पिता सुराजी लाल उम्र 35 वर्ष व फिरोज खान पिता करीम खान उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी धमधा को उक्त सभी भैसों का बिक्रीनामा दस्तावेज कोई सक्षम अधिकारी से जारी किया गया दस्तावेज एवं मवेषियों को परिवहन हेतु को अनुज्ञा पत्र पेष करने हेतु नोटिस दिया गया जो कि कोई दस्तावेज नही होना लिखित में दिया गया। आरोपियो से जप्त मवेशी एवं वाहनों को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं उनका कृत्य धारा पशुक्रूरता अधिनियम का पाये जाने से थाना लालबाग में पृथक पृथक अप.क्र. 297/25 एवं अप.क्र. 298/25 धारा 4, 6, 10 छ.ग.कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरी. हृदय शंकर पटेल, सउनि शोभाराम बेरवंशी, सउनि ईश्वर यादव, सउनि अश्विनी यदु, आरक्षक राजकुमार बंजारा, आरक्षक कमल किशोर यादव की भूमिका सराहनीय रही है।

## मंत्री ओपी चौधरी बोले - वित्त सेवा के अधिकारी पारदर्शी, जवाबदेह और निष्ठापूर्वक करें कार्य



रायपुर। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ के वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय अनुशासन को मजबूत बनाने में वित्त सेवा अधिकारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों से अपने दायित्वों को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने संघ द्वारा उठाई गई मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन भी दिया।

छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में वार्षिक आमसभा एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त अधिकारियों के सम्मान समारोह से हुआ। मंच पर उपस्थित अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसके उपरांत वित्त मंत्री चौधरी ने 'सुनिधि' स्मारिका के द्वितीय संस्करण का विमोचन करते हुए संघ की नवनिर्मित वेबसाइट का विधिवत उद्घाटन किया। संघ के अध्यक्ष डॉ. अल्पना घोष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आमसभा की कार्यवाही का संचालन किया तथा विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव सदन के समक्ष रखे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। कोषाध्यक्ष अनिल पाठक ने संघ के आय-व्यय का विस्तृत विवरण सभा को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेवानिवृत्त वित्त अधिकारियों ने अपने दीर्घ अनुभव साझा करते हुए प्रेरक व्याख्यान दिए। वहीं उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उत्साह एवं उमंग से भर दिया।

## शिवम अग्रवाल का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव के प्रतिष्ठित नागरिक प्रमोद अग्रवाल के पुत्र शिवम अग्रवाल का 25 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। होनहार शिवम के निधन पर पूरा गांव शोक में डूब गया। वे अपने पीछे तीन बहन माता-पिता भरपूरा परिवार छोड़कर चले गए। ग्राम के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या उपस्थित लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।

-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com